26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 25 अप्रैल, 2026
अंक- 180 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पेड़ से टकराई कार, 2 की मौत




**बिजनौर (चिंगारी)।** मण्डावर क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल, एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ। घटना मण्डावर-चंदक रोड पर रानीपुर गांव के पास सुबह करीब 4 बजे हुई। अर्टिका कार में तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में सुल्तान (50) निवासी सिकंदरपुर, मंडावर और राजा (40) निवासी करौंदी, रुड़की की मौके पर ही मौत हो गई। अज्जू (26) निवासी कमालपुर, हरियाणा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक सुल्तान और राजा दोस्त थे। वे दूध बेचने का काम करते थे। जानकारी के अनुसार, ये तीनों हरदोई से लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल अज्जू को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मण्डावर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# इस्लामाबाद में वार्ता से पहले अराघची से मिले मुनीर

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान एक बार फिर कूटनीतिक केंद्र बनता नजर आ रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधियों के इस्लामाबाद पहुंचने से पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से अहम मुलाकात की। इस मुलाकात की जानकारी पाकिस्तान में ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा की। बैठक में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी समेत पाकिस्तान में ईरान के राजदूत और ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय हालात और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले इस्लामाबाद पहुंचते ही अराघची ने कहा कि उनका दौरा बेहद अहम समय पर हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मकसद पाकिस्तान, ओमान और रूस जैसे साझेदार देशों के साथ करीबी समन्वय करना और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा करना है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देता है और मौजूदा संकट में उनके साथ मिलकर समाधान तलाशना चाहता है इस कूटनीतिक हलचल के बीच अमेरिका की तरफ से भी बड़ी पहल देखने को मिल रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेएर्ड कुश्नर आज इस्लामाबाद पहुंचने वाले हैं।



## आवश्यकता है

आर.के. बिल्डिंग मैटेरियल रावली रोड, तिमरपुर बिजनौर में कुशल सेल्समैन एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार।
सम्पर्क करें-
मो. 9927291231

## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन (जूनियर हाईस्कूल) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण (करबला के पास) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता — प्रबंधक — 8447871425
पूनम त्यागी — मुख्य अध्यापिका — 8958254011

# केजरीवाल इतिहास के 'सबसे शौकीन' व्यक्ति- प्रवेश सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इतिहास का 'सबसे शौकीन' व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है। इस दौरान, उन्होंने श्री केजरीवाल के नये घर की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने (श्री केजरीवाल) दिल्ली के बाद अब पंजाब में भी दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद श्री केजरीवाल पंजाब चले गये। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल तथा आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया।

## देश/विदेश से एम.बी.बी.एस. एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

अंजुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.
- और भी देशों से

Since 2010

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# लाहक कलां में वन विभाग के पिंजरे में फंसा गुलदार




मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम लाहक कलां में पिछले कई दिनों से खेतों में तीन गुलदार देखे जा रहे थे। गुलदारों के दिखाई देने पर गांव में भय का माहौल बना हुआ था, ग्रामीण भयभीत थे। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग द्वारा कल गुलदार को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया गया था, जिसमें रात्रि में किसी समय गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। सुबह सूचना पर वन दरोगा परशुराम, फॉरेस्ट गार्ड दीपक, महताब आदि की टीम मौके पर पहुंचकर पिंजरे में कैद गुलदार को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को बताया कि गांव के आसपास तीन गुलदार दिखाई दे रहे थे, जिसमें से एक पकड़ा गया। अन्य गुलदार को पकड़ने के लिए दोबारा से गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग की।

# साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने 50 गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट कीं



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार से जोड़ने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 50 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। महिलाओं ने सिलाई मशीन लेकर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी का शुक्रिया अदा किया। गुरुवार को नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड जज मौ. आदिल रहे। निज़ामत मुफ्ती ओसामा ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के मीडियाकर्मियों को भी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड जज मौ. आदिल को एक गिफ्ट देकर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी व अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सरफराज अंसारी, डॉ. इस्लाम, शेख शमीम, शेख नदीम, नौशाद सरवरी, जाफर, नदीम सलमानी, एडवोकेट आकिब, नवाब मेंबर, लईक मेंबर, उवैस मंसूरी, तसलीम अहमद, जाकिर शेख, रागिब मिर्ज़ा, अमिल, मुजफ्फर हुसैन, मुस्तकीम मेम्बर, सय्यद इरशाद, अराफ, अजमल मेंबर, कासिम मेंबर, आदिल अब्बासी, सरफराज मंसूरी, डॉ. इकबाल, फहीम अहमद, फुरकान, भूरा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया।

# सावधान : इस्तेमाल से पहले असली-नकली पनीर की जरूर कर लें पहचान

## सेहत को पहुंचा सकता है नुकसान

खासपुरा (चिंगारी)। इस समय शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और शादी समारोह में सबसे ज्यादा पनीर से सब्जी की मांग रहती है। शाकाहारियों खाना खाने वालों की पहली पसंद अधिकतर पनीर से बनी हुई सब्जी होती है। पनीर प्रोटीन प्राप्त करने का सबसे बेहतरीन साथ ही यह स्वाद में भी बेहद अच्छा होता है,यही कारण है कि शादी-विवाह के हर प्रोग्राम में पनीर से बनी हुई सब्जी मेहमानों के लिए जरूर बनती है। इसके अलावा चाहे होटल, ढाबे हो या ऑनलाइन दुकान पर एक नहीं ढेरों डिश मौजूद हैं, फिर चाहे-पनीर पराठा हो या पनीर लबाबदार, कढ़ाई पनीर, पालक पनीर आदि। लेकिन यही पनीर आपको पोषण देने की जगह बीमार कर दे तो? आपको सतर्क होना बहुत जरूरी है। असल में त्यौहारों और शादी-ब्याह के सीजन में तो पनीर की मांग तेजी से बढ़ जाती है और इसी बढ़ती मांग का फायदा उठाकर कई मिलावटखोर बाजार में नकली और मिलावटी पनीर बेचने लगते हैं। आम तौर पर नकली पनीर सस्ता सॉलिड फैट, मिलावटी दूध या दूषित क्रीम मिलाकर तैयार किया जाता है, जिससे स्वाद और बनावट तो मिल जाती है, पर सेहत के लिए खतरा बन जाता है। नकली पनीर खाने से पेट दर्द, उल्टी-दस्त, सर दर्द, फूड पॉइजनिंग और लंबे समय में लीवर-किडनी संबंधी दिक्कतें भी हो सकती हैं।



### ऐसे बनता है पनीर-

एक किलो पनीर बनाने में पांच लीटर दूध का उपयोग।

200 ग्राम पनीर एक लीटर दूध में बनता है।

घर पर ऐसे करें असली और नकली पनीर की पहचान। पनीर को पहचानने के लिए इसे मसल कर देखें। अगर पनीर टूटकर बिखरने लगे तो समझ लें कि पनीर नकली है, क्योंकि इसमें मौजूद स्कीम्ड मिल्क पाउडर ज्यादा दबाव सहन नहीं कर सकता है। असली पनीर सॉफ्ट होता है, लेकिन अगर आपका पनीर टाइट है तो यह मिलावटी पनीर है, टाइट पनीर खाते समय रबड़ की तरह खिंच सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें, हमेशा भरोसेमंद दुकानों से ही पनीर और दूध खरीदें और घर पर ही इसकी सरल जांच करें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है और ये मिलावटी पनीर आपकी जान तक ले सकता है।

# मयंक की मात्र 12 घंटे में बरामदगी पर पुलिस की प्रशंसा की

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने नजीबाबाद पुलिस द्वारा महज 12 घंटे के भीतर मयंक की बरामदगी पर पुलिस टीम की प्रशंसा की है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंस्पेक्टर नजीबाबाद अमित कुमार, उनकी टीम तथा पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कुशल नेतृत्व में यह सराहनीय कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने विशेष रूप से सीओ अंजनी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन की भी सराहना की। शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुलिस ने मात्र 12 घंटे में दिल्ली से मयंक की बरामदगी कर यह सिद्ध कर दिया है पुलिस यदि ठान ले, तो कुछ भी असंभव नहीं। जिला अध्यक्ष ने घोषणा की कि इस उत्कृष्ट कार्य के लिए संबंधित पुलिस टीम को जल्द ही सम्मानित किया जाएगा।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# महिला चिकित्सक के पर्स से निकला रिश्वत का नोट

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक संविदा महिला चिकित्सक पर आईरन इंजेक्शन लगाने के नाम पर महिला से दो सौ रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा है।

शुक्रवार की दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो प्रसारित हुई। वीडियो को नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बताया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो प्रसारित होने के बाद अस्पताल परिसर में गहमागहमी शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने वाले परवेज पाशी ने बताया कि नगर के मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने उनके पास आकर अस्पताल में कार्यरत संविदा महिला चिकित्सक पर आयरन के इंजेक्शन लगाने के नाम पर दो सौ रुपये मांगने की

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

शिकायत की थी। उनका कहना है कि उन्होंने आरोपी महिला चिकित्सा को रंगे हाथों पकड़ने के लिए 200 रुपये का एक नोट का पहले ही फोटो स्टेट कराया तथा बाद में महिला मरीज को वह नोट थमा दिया। उनका दावा है कि बाद में उक्त नोट महिला चिकित्सक के पर्स से निकला है। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर का कहना है कि शुक्रवार को एक महिला मरीज द्वारा महिला चिकित्सा अधिकारी (आयुष संविदा) पर 200 रुपये लेने का आरोप लगाया गया। बाद में उक्त महिला चिकित्सक ने 200 रुपये वापस कर दिये। उनका कहना है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर इस मामले में एक जांच कमेटी गठित की जा रही है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# छात्रा ने स्कूल के कपड़े बदले और गायब हो गई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव की एक 13 वर्षीय बालिका घर से स्कूल जाने के लिए कहकर साइकिल से स्कूल के लिए निकली परंतु स्कूल नहीं पहुंची। स्कूल से घर न पहुंचने पर उसके परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिस पर थाना प्रभारी संजय कुमार ने गांव में और विद्यालय में जाकर जांच की। पता चला है कि छात्रा गांव से स्कूल के पास स्थित दूसरे गांव में आई और एक मकान में जाकर उसने अपने कपड़े बदले। कपड़े बदलने के बाद लड़की ने मुंह पर मास्क लगाया और साइकिल वहीं खड़ी करके संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पुलिस बालिका की तलाश कर रही है। बालिका की आयु 13 वर्ष बताई जाती है और वह कक्षा 7 में पढ़ती है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र जुबैर व उसकी पत्नी महरीन उर्फ समरीन जो अव्यवहारिक है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते है। मेरा व मेरी पत्नी खुशनुदा खातून का समझाया भी नहीं मानते। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। -**अब्दुल मन्नान पुत्र श्री रहमान खुशनुदा खातून पत्नी अब्दुल मन्नान निवासी ग्राम-बास्टा थाना व तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

# हाईस्कूल में 80 व इंटर में 86 पर्सेंट रहा एचसीएम का रिज़ल्ट

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी का यूपी बोर्ड परीक्षा का हाईस्कूल का रिजल्ट 80 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का 86 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती ने कॉलेज के परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तार से बताया कि कॉलेज स्तर पर हाईस्कूल कक्षा में वंशिका पुत्री रामगोपाल निवासी कासमपुर गढ़ी ने 84 प्रतिशत, नैतिक कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी कासमपुर गढ़ी ने 81.83 प्रतिशत एवं जैनब परवीन पुत्री मोबीन निवासी मानियावाला ने 78.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट कक्षा में आयला नूर पुत्री मौ. आकिल निवासी मानियावाला व मौ. जैद पुत्र मौ. इकबाल निवासी सीरवासुचंद ने बराबर-बराबर 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। जितेंद्र सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी भवानीपुर 81.8 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर व प्रमोद कुमार पुत्र जय सिंह निवासी भवानीपुर ने 81.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए घर-परिवार व कॉलेज का नाम रोशन किया।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## विरोध की धार कुंद हुई

विपक्ष ने मोदी सरकार के आर्थिक सुधारों को जन-विरोधी, किसान-विरोधी व मजदूर-विरोधी बताया है, पर वह संसद में इन सुधारों को रोकने अथवा प्रवर समितियों के माध्यम से उनको लटकाने में सफल नहीं हुआ है। देश की संगठित ट्रेड यूनियनों ने पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर नई श्रम संहितायें लाने तथा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई का सड़कों पर उतर कर विरोध किया, पर उसका विरोध इतना कारगर नहीं रहा कि वह सरकार को अपने कदम वापस लेने पर मजबूर कर सकता। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा तथा राजग को विश्वास है कि वे सरकार द्वारा किए सुधारों के प्रति जनता का व्यापक विश्वास प्राप्त करने में सफल होंगे। मोदी सरकार ने विपक्ष और कांग्रेस के भारी विरोध के बावजूद मनरेगा के स्थान पर वीबी जी-राम-जी विधेयक पास करा कर उसे कानून बना दिया है। हालांकि, इस कानून से राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। विपक्ष शासित राज्य सरकारें इसका विरोध कर रही हैं, लेकिन सरकार का मानना है कि मनरेगा में 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार देने वाले जी-राम-जी कानून का जनता ने स्वागत किया। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां मनरेगा में 'स्थाई परिसंपत्तियों' के निर्माण का हिस्सा बहुत कम था और स्थानीय स्तर पर अनेक स्थानों में यह भारी भ्रष्टाचार का कारण बना था, वहीं जी-राम-जी केन्द्रीय स्तर पर नियोजित तथा कठोर तकनीकी निगरानी के चलते पूरे देश में स्थाई परिसंपत्तियों के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देते हुए 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बनेगा। कांग्रेस ने पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ अभियान' छेड़ने की घोषणा की थी और उसे उम्मीद थी कि व्यापक आंदोलन के परिणामस्वरूप मोदी सरकार इसे तीन नए कृषि कानूनों की तरह जी-राम-जी कानून वापस लेने पर मजबूर होगी, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो सका। कांग्रेस का आंदोलन एक तरह से टांय-टांय फिस्स रहा। उधर, भाजपा ने पूरे विश्वास के साथ इस कानून का प्रचार-प्रसार किया है। कहना न होगा कि वह युग अब समाप्त हो गया, जब ट्रेड यूनियनों का दबदबा होता था और विपक्ष को विश्वास में लेकर सरकारें फैसले लिया करती थीं।

# यूपी सरकार के गले की हड्डी बन गये हैं स्मार्ट मीटर

**केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जब से संसद में यह बयान दिया है कि बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर बिना उपभोक्ता की सहमति के लगाना गैर कानूनी है। तब से यूपी सहित कई राज्यों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का न केवल विरोध तेज़ हो गया है, बल्कि जो स्मार्ट मीटर प्रीपेड कर पहले से लगाये जा चुके हैं उनको भी हटाने या बदलने की मांग हो रही है। इधर स्मार्ट मीटर पर स्मार्ट सियासत करते हुए सपा के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बयान दे दिया है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनती है तो न केवल स्मार्ट मीटर हटाये जायेंगे, बल्कि हर घर को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क भी दी जायेगी। ऐसे में यूपी की योगी सरकार के सामने दोहरा संकट खड़ा हो गया है कि वह स्मार्ट मीटर लगाने पर अड़ी रहे या केवल उनको प्रीपेड करने पर रोक लगाकर देखो और प्रतीक्षा करो की नीति पर चलकर लोगों का विरोध कम होने तक मामला ठंडे बस्ते में डाल दे? फिलहाल स्मार्ट मीटर तेज़ चलने और बिना सूचना दिये बकाया एक रूपया होने पर भी बिजली सप्लाई बंद करने तथा रिचार्ज करने पर भी घंटों वापस लाइट चालू न होने की बढ़ती शिकायतों को लेकर जांच के लिये यूपी सरकार ने एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति बनाई है, लेकिन परेशान उपभोक्ता इस समिति की रिपोर्ट आने और रिपोर्ट निष्पक्ष आने के साथ ही उस पर ठोस अमल को लेकर अभी से उंगलियां उठा रहे हैं।**



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

यूपी के विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने जनता के पक्ष में आवाज़ उठाने की अपनी मुहिम को जारी रखते हुए नियामक आयोग में आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल खपत से कहीं अधिक आने की उपभोक्ताओं की शिकायतों में दम है। उनका कहना है कि जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद पहले के मुकाबले 84 प्रतिशत अधिक बिल आ रहे हैं, तो बिजली की खपत उस अनुपात में क्यों नहीं बढ़ी है? इस मामले में पश्चिमांचल विद्युत निगम कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है। उनका यह कहना कि शिकायत मिलने पर स्मार्ट मीटर के सैंपल का परीक्षण सीपीआरआई में कराया जाना इस समस्या का समाधान नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि राज्य के केवल पश्चिमांचल में ही 11,91,440 जो स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं, उनमें से बिना उपभोक्ताओं की अनुमति के 9,56,744 प्रीपेड में परिवर्तित किये जा चुके हैं। पिछले दिनों नियामक आयोग में 1,93,143 उपभोक्ताओं का प्रीपेड मीटर रिचार्ज होने के बाद भी लंबे समय तक बिजली चालू नहीं होने पर रेगुलेशन 2019 के अनुसार 50 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवज़ा दिये जाने की मांग का मामला सामने आने पर यूपी सरकार के सामने बिजली कंपनियों को लेकर नई मुसीबत खड़ी हो गयी है। पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार 13 मार्च से 10 अप्रैल की बीच 40,27,307 स्मार्ट प्रीपेड मीटर निगेटिव बैलेंस होने पर बंद किये गये थे, जिनमें से 24,14,179 लोगों ने तत्काल रिचार्ज किया, लेकिन केवल 22,21,036 उपभोक्ताओं के ही कनेक्शन निश्चित अवधि यानी दो घंटे के अंदर चालू किये जा सके थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्मार्ट मीटर को बिना उपभोक्ता की सहमति के जबरदस्ती गैर कानूनी तौर पर यूपी सहित कई राज्यों में प्रीपेड क्यों किया जा रहा है? साथ ही रिचार्ज होने पर भी तयशुदा टाइम में सप्लाई चालू क्यों नहीं होती है?



बिजली निगम और सप्लाई कंपनी का यह दावा भी हवा हवाई साबित हो रहा है कि प्रीपेड मीटर का बैलेंस निगेटिव होने या पहले से रिचार्ज की रकम 30,20,10 प्रतिशत और 0 होने पर एसएमएस एलर्ट भेजा जाता है, लकिन ऐसा कोई नियम लागू नहीं किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं में नाराज़गी, गुस्सा और विरोध बढ़ना स्वाभाविक है। जानकारों का कहना है कि स्मार्ट मीटर अपने आप में एक बड़ा गोरखधंधा है। इसके लगने और इनको बिना कन्ज्यूमर की परमीशन के मनमाने तरीके से प्रीपेड किये जाने से अपके मीटर का नियंत्रण बिजली कंपनी के हाथ में चला गया है। पहले विभाग एनालॉग यानी मेकैनिकल मीटर लगाता था, जिसमें घूमने वाली डिस्क होती थी। बिजली खपत के अनुसार कम या तेज़ यह चक्र घूमता रहता था। इसकी रीडिंग मीटर रीडर आकर नोट करता था। खुद उपभोक्ता भी उस रीडिंग और डिस्क की स्पीड चैक करता था। यानी बिजली खपत और उसके बिल में पारदर्शिता थी। लोग बिल आने पर मीटर की रीडिंग से मिलान कर सकते थे। गलती होने पर विभाग में जाकर सम्बंधित अधिकारी या अभियंता से शिकायत कर उसको जांच के बाद ठीक करा सकते थे। उसके बाद अचानक इलैक्ट्रॉनिक डिजिटल मीटर और उसके बाद फिर स्मार्ट मीटर का विचार सामने आया। विभाग का दावा था कि उपभोक्ता पुरानी तकनीक के कारण बिजली चोरी करते हैं, मीटर को बंद कर देते हैं, कई मीटर रीडर खुद लोगों से सेटिंग करके बिजली चोरी कराते हैं, बड़े अधिकारी बड़ी बिजली चोरी कराते हैं, इसलिये स्मार्ट मीटर लाया गया। लोगों का आरोप था कि कमीशन के चक्कर में निजी बिजली कंपनियों को स्मार्ट मीटर का ठेका दिया गया। लेकिन इस बात से भी पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता कि पहले लगे पुरानी तकनीक के मीटर से कुछ लोग बिजली चोरी आराम से कर लेते थे, जिसकी कीमत बिजली कंपनी बिजली दर बढ़ाकर ईमानदारी से बिल अदा कर रहे लोगों से वसूलती रही हैं। डिजिटल मीटर में भी मीटर रीडर रीडिंग लेने आते थे। उन पर प्रोग्रामिंग और सेटिंग बदलकर उन मीटर्स को तेज़, स्लो और जाम करने का आरोप लगा तो स्मार्ट मीटर आ गया।

लोगों का कहना था जितनी बिजली खपत पर एनालॉग मीटर एक यूनिट रीडिंग दिखाता था, उतनी ही खपत पर नया डिजिटल मीटर 1.25 या 1.50 यूनिट दिखाने लगा। इसके बाद हालांकि बिजली चोरी की शिकायतें काफी कम हो गयीं, क्योंकि डिजिटल मीटर में छेड़छाड़ करना काफी महंगा सौदा था। लेकिन कमीशन के चक्कर में दो-तीन साल बाद ही स्मार्ट मीटर लगने लगे। 2018 में स्मार्ट मीटर का टेंडर निकाला गया। इसमें जीनस पॉवर इनफ्रास्ट्रक्चर्स, सिक्योर मीटर्स लिमिटेड, लॉर्सन और ट्यूब्रो एवं एचपीएल इलैक्ट्रिक एंड पॉवर कंपनी को स्मार्ट मीटर का ठेका दिया गया। उपभोक्ताओं को यह कहकर शांत करने का प्रयास किया गया कि उनको इस नये मीटर का कोई भुगतान नहीं करना है। यह सिम से चलने वाले इंटरनेट की तरह का स्मार्ट मीटर बिजली कंपनी अपने कार्यालय में बैठकर ही कंट्रोल कर सकती है। इसीलिये स्मार्ट मीटर पर लोगों का विश्वास आज तक नहीं है। अब आप इस मीटर की रीडिंग बिलिंग और खपत सिस्टम अपने मोबाइल पर एप डाउनलोड करके भी नहीं देख सकते। आपको केवल अपना पोजिटिव नेगेटिव बैलेंस ही शो होगा। लोगों को लगता है कि बिजली कंपनी उनका खपत खर्च खुद ही समय-समय पर बढ़ा देती है, क्योंकि वे हर टाइम मीटर पर नज़र नहीं रख सकते। ऐसे में विद्युत उपभोक्ताओं के दिमाग में यह बात घर कर गयी है कि कानून होने के बाद भी उनसे बिना पूछे जबरन स्मार्ट मीटर को प्रीपेड क्यों किया गया है? साथ ही इसके बिल को लेकर भी उनके मन में कई संशय भ्रम और आशंकायें मौजूद हैं। अब देखना यह है कि यूपी सरकार नये कनेक्शन पर प्रीपेड मीटर और पुराने डिजिटल मीटर हटाकर नये स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता तो खत्म कर चुकी है, लेकिन जिन लाखों लोगों के स्मार्ट मीटर उनकी बिना मर्जी के प्रीपेड किये जा चुके हैं, उनको वापस पोस्ट पेड करती है या आने वाले चुनाव में जनता खासतौर पर किसानों की बढ़ती नाराज़गी का चुनाव में नुकसान उठाने का जोखिम लेने को तैयार है।

# सैम-मैम बच्चों के चिन्हांकन में कमी पर डीएम ने नाराज़गी जताई

## आंगनबाड़ी केंद्रों को नोटिस जारी करने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैम-मैम बच्चों के चिन्हांकन में कमी और जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिये कि सैम और अन्य कुपोषित बच्चों को शत-प्रतिशत दवाइयों का वितरण तथा पोर्टल पर उनकी फीडिंग का समय से अद्यतन किया जाए। उन्होंने




कक्षा 10 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए डीएम।

संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये। साथ ही कुपोषित बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण पुनर्वास सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण गर्म पका भोजन, टेक होम राशन और पोषण शिक्षा को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुसार बेबी फ्रेंडली फर्नीचर की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जहां फर्नीचर उपलब्ध नहीं है या क्षतिग्रस्त है, वहां प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था की जाए।

उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित रूप से वजन कराया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पुस्तकें और मेडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रह

**बिजनौर (चिंगारी)।** संत निरंकारी मिशन ब्रांच बिजनौर के तत्वावधान में शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन डीएम जसजीत कौर ने किया। शिविर में रक्तदाताओं ने 101 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय बिजनौर के ब्लड बैंक यूनिट के चिकित्सकों की देखरेख में रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी कराई गई। शुक्रवार को उद्घाटन के अवसर पर डीएम जसजीत कौर ने कहा कि रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है, खासकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों के लिए यह बेहद उपयोगी साबित होता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील भी की। गौरतलब है कि संत निरंकारी मिशन द्वारा यह शिविर बाबा गुरु वचन सिंह जी की स्मृति में प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को आयोजित किया जाता है। मिशन के प्रमुख संदेश मानव का खून मानव की नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं, को आत्मसात करते हुए देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर मुखी सुरेंद्रपाल सिंह ने जिलाधिकारी को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## तमंचा लहराते युवक की फोटो वायरल



**नहटौर (चिंगारी)।** एक युवक की तमंचे के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। युवक ग्राम फुलसन्दी का बताया जा रहा है। शुक्रवार को अपराह्न करीब 3 बजे तमंचे के साथ फोटो के सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इसमें एक युवक हाथ में अवैध तमंचा लिए हुए दिख रहा है। थाना प्रभारी नहटौर को इस प्रकरण की गहन जांच के निर्देश दिये गए हैं। पुलिस अब युवक की पहचान और उसके पास अवैध हथियार आने के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

## कंपोजिट विद्यालय मीमला में तीसरे दिन पहुंचे एक दर्जन छात्र

**नहटौर (चिंगारी)।** कंपोजिट विद्यालय मीमला मुस्तफाबाद में तीसरे दिन एक दर्जन छात्र विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचे। दो दिन से अव्यवस्थित हो रही शिक्षण कार्य के पटरी पर आने की उम्मीद लग गई है। बता दें कि कंपोजिट विद्यालय मीमला मुस्तफाबाद में 2 दिन तक आरोप-प्रत्यारोप के चलते शिक्षण कार्य पूरी तरह से बाधित रहा। 157 छात्र संख्या के सापेक्ष बुधवार और बृहस्पतिवार को एक भी छात्र विद्यालय में नहीं पहुंचा था। बृहस्पतिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सचिन कसाना ने स्कूल में पहुंचकर छात्रों के अभिभावकों से वार्ता की थी और मामले की विस्तृत जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। साथ ही साथ खंड शिक्षा अधिकारी को भी विद्यालय के शिक्षण कार्य पर नियमित नजर रखने के लिए आदेशित किया। शुक्रवार को विद्यालय खुलने के उपरांत छात्र शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्रपाल सिंह के अनुसार शुक्रवार को शिक्षण कार्य हुआ। दर्जन भर से अधिक छात्रों की उपस्थिति रही।

### अचानक कैसे पीटने लगा शिक्षक ?

**4 साल से विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक सौरभ कुमार का ग्राम प्रधान से मतभेद रहा है। बताया जाता है कि अधिकारियों ने भी छात्रों से वार्ता की। छात्रों द्वारा बताया कि सहायक शिक्षक उनकी पिटाई करते हैं। अधिकारियों ने यह भी सवाल किया कि 4 साल के बाद अभी अचानक एक शिक्षक सभी छात्रों को ही क्यों पीटने लगा? जिस पर बीएसए ने विगत 5 साल की विस्तृत जांच के आदेश दे दिये।**

# शाने रजा ने धमकी दी थी- चाचा मरेगा या भाई!

**इसहाक हत्याकांड**

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव दीदा नंगला में हुए इसहाक हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के पुत्र शानू की तहरीर पर आरोपी भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने शहर कोतवाली पुलिस पर बदली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। शाम चार बजे पोस्टमार्टम के बाद इसहाक के शव को गांव के कब्रिस्तान में सपुर्द-ए-खाक कर दिया। पुलिस ने आरोपी भतीजे शाने रजा का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि परिवार के बीच लंबे समय से कृषि भूमि विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते गुरूवार को आरोपी भतीजे आबकारी सिपाही शाने रजा ने गुस्से में आकर चाचा इसहाक को गोली मारकर हत्या कर दी थी और थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया था।

उधर, शुक्रवार को मृतक के परिजनों ने एसपी से मिलकर शहर कोतवाली पुलिस पर बदली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने शाने रजा के साथ-साथ जावेद व शावेज पर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि यदि पुलिस पहले से चल रहे भूमि विवाद में समय रहते हस्तक्षेप करती, तो इस घटना को रोका जा सकता था। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि मृतक के पुत्र शानू की दी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। लापरवाही का आरोप गलत है। विधि कार्रवाई की जा रही है।

इसहाक हत्याकांड में चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। हत्या से पहले ही आरोपी शाने रजा ने अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। परिजनों के मुताबिक, गुरूवार को जब एक रिश्तेदार ने उसे समझाने की कोशिश की थी, तो उसने फोन पर साफ शब्दों में कहा था कि आज मेरे हाथों भाई मरेगा या चाचा।

बता दें कि शाने रजा का सगा भाई शाह आलम अपने चाचा के साथ है, जबकि दूसरे चाचा कफील व उसके पुत्र शाने रजा का साथ दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक शाने रजा ने गांव में अपने हिस्से पर शानदार मकान बनाया है, जिस पर उसके भाई शाह आलम ने कब्जा कर लिया है। करीब 15 दिन पूर्व उस मकान को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हुआ था। गुरूवार को सुबह मकान के पास बोरिंग कराने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद के बाद पथराव हुआ था, जिसकी सूचना चचेरे भाई जावेद ने शाने रजा को दी थी। बताया जा रहा है कि शाने रजा गांव पहुंचने से पहले ही काफी आक्रोश में था। इस दौरान शाने रजा की एक बुआ ने उसे फोन कर आपस में झगड़ा न करने की सलाह दी थी। जिस पर शाने रजा ने फोन पर धमकी दी थी कि आज मेरे हाथों भाई मरेगा या चाचा। उसकी इस धमकी के बाद भी हालात को गंभीरता से नहीं लिया गया, जो बाद में खौफनाक घटना में बदल गया। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार के भीतर लंबे समय से विवाद सुलग रहा था, लेकिन समय रहते इसका समाधान नहीं हो सका।

# खानापूर्ति तक सीमित रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

## सड़क चौड़ीकरण का यात्रियों को नहीं मिल रहा लाभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर क्षेत्र में पिछले काफी समय से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने जाने की मांग उठती आ रही थी और सोशल मीडिया पर भी लोग इसी मांग को लेकर मुहिम चलाए हुए थे। इसके अलावा संपूर्ण समाधान दिवस में भी अतिक्रमण व जाम की शिकायत की गई थी लेकिन गुरुवार को जब अतिक्रमण हटाओ अभियान चला तो महज खानापूर्ति बनकर रह गया।

नगर पालिका परिषद धामपुर के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में अभियान निर्धारित समय दोपहर तीन बजे से पुलिस बल को साथ लेकर नगीना चौराहा से प्रारंभ हुआ। इस दौरान एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्राली साथ रही। अभियान के दौरान नगीना चौराहा पर एक चाय की दुकान मिली। दुकान महज पांच गज की थी और सामान सारा नाली के ऊपर रखा हुआ था, लेकिन मात्र चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम आगे बढ़ गयी। जबकि दुकान के नीचे नाले में भारी मात्रा में कूड़ा अटा पड़ा मिला। मानो सालों से सफाई न हुई हो। टीम आगे बढ़ी तो जूस की दुकान पर मात्र एक हजार जुर्माना वसूला और चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। और आगे बढ़ते टीम पुराना धामपुर की चुंगी पर पहुंची तो वहां अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान के आगे सबसे ज्यादा अतिक्रमण मिला, यहां टीम ने एक काउंटर और कुछ लोहे का स्क्रैप जब्त किये, लेकिन जुर्माने के आगे वह सब वापिस कर दिया गया और अतिक्रमण जहां था वही आकर फिर से जम गया।


जेसीबी मशीन नाले के ऊपर से अतिक्रमण हटाते हुए।

अब टीम ने एक दुकान के आगे नाले पर पक्के निर्माण को तोड़ दिया, लेकिन शराब की दुकान के आगे नाले के ऊपर हो रहे पक्के निर्माण को छोड़ दिया गया। अब टीम एक स्कूटी शोरुम के बाहर पहुंची तो वहां नाले के ऊपर पक्का निर्माण मिला तो उस पर औपचारिकता निभाते हुए थोड़ा सा स्लैब तोड़ा गया बाद में शोरुम संचालक द्वारा अनुरोध करने पर उसे भी छोड़ दिया गया। उसके बाद यह अतिक्रमण हटाओ अभियान टीचर्स कालोनी तक पहुंचकर ठंडा पड़ गया कहा गया अब अगली बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

### अस्पतालों के बाहर अवैध पार्किंग

**नगर क्षेत्र में नगीना कालागढ़ रोड पर दर्जनों से भी ज्यादा अस्पताल, पैथोलॉजी लैब, एमआरआई सेंटर संचालित है, लेकिन किसी के पास भी मरीजों के वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई वैद्य पार्किंग नहीं है। ऐसे में सभी ने फुटपाथ तथा सड़क पर अवैध पार्किंग बना रखी है। जिस कारण यहां सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनी रहती** है। अस्पतालों के सामने से गुजरने वाले वाहन चालकों को यहां आकर रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर होना पड़ जाता है।

### कई जगह यूनिपोल है अवैध

धामपुर नगर में कई जगह यूनिपोल लगे हैं। इन्हें लगाने के लिए नगर पालिका परिषद धामपुर से लाइसेंस बनवाना पड़ता है और इसके तहत एक निर्धारित शुल्क जमा होता है, लेकिन धामपुर नगर क्षेत्र में कई यूनिपोल अवैध लगे हुए हैं। जिनकी जांच न होना कहीं न कहीं मिलीभगत की ओर इशारा करती है। हर दूसरे व्यक्ति ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर ये यूनिपोल लगा रखे है।

### नहीं मिल रहा सड़क चौड़ीकरण का लाभ

नगीना रोड पर जाम और अतिक्रमण की समस्या को ध्यान में रखते हुए धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा के प्रयास से दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क चौडीकरण कराया जा रहा है जिसका कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है परंतु इस सड़क चोडी करण का लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि सड़क पर अतिक्रमण करने और जाम लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

## वीरचन्द सिंह गढ़वाली शौर्य मेला प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्मृति समिति की ओर से पेशावर काण्ड की 96वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दशहरा मेला ग्राउंड ग्रास्टनगंज में शुक्रवार से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली शौर्य मेला आरंभ हो गया है। मेला 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मेले का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के पौत्र शैलेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित के लिए सदैव खड़े रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने पेशावर काण्ड की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। मेले के प्रथम दिवस पर गढ़वाली लोक गायक सौरभ मैठाणी ने अपने गीतों की प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी पहाड़ो कू रैबासी...,ऊंचा ऊंचा सैंडिल..,मां ऊंचा पहाड़ो मा... व सचि बूनऊ छौं आदि गीतों की प्रस्तुतियों पर लोग झूमते नजर आए। मेले में 27 अप्रैल को लोक गायिका मंजू नौटियाल व 30 अप्रैल को लोक गायक गजेन्द्र राणा अपनी प्रस्तुति देंगे, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शांति भंग में दो थमे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कलालघाटी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर आपसी विवाद एवं अनुचित व्यवहार के माध्यम से क्षेत्र अशांति उत्पन्न करने के आरोप दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सिडकुल क्षेत्र लालघाटी चौकी इंचार्ज राजाराम डोभाल ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस लगातार चैकिंग अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि पूर्वी झंडीचौड निवासी नवलकिशोर व दीपक चन्द आपसी विवाद उत्पन्न कर शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



## मुख्यमंत्री से मिले डॉ. एन.पी. सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एन. पी. सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 5 कालिदास मार्ग पर भेंट की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. एनपी सिंह ने शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग से इनवेस्टर्स को हो रही परेशानियों एवं जनपद बिजनौर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के संदर्भ में वार्ता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और इसके निराकरण का भी भरोसा दिया। उन्होंने शीघ्र जनपद बिजनौर का दौरा करेंने का आश्वासन भी दिया।


प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता करते हुए डॉक्टर एन.पी. सिंह।

## दो दिन पूर्व गायब नाबालिग बिजनौर बाईपास से बरामद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दो दिन पूर्व घर से गायब लकड़ी पड़ाव निवासी एक नाबालिग को पुलिस ने बिजनौर बायपास (उ.प्र.) से सकुशल बरामद कर लिया है। बाजार पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार चपराणा ने बताया कि सुंदरलाल वेडिंग पॉइंट लकड़ी पड़ाव निवासी नाबालिग की बड़ी बहन ने तहरीर देकर बताया कि उनकी नाबालिग़ बहन बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से उसे बिजनौर बायपास ( उत्तर प्रदेश) से बरामद कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया है।

# सांप्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता पर गोष्ठी आयोजित

## देश की उन्नति के लिये आपसी भाईचारा जरूरी

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय एसएसएम कॉलेज में गांधी नारी कल्याण समिति तथा मिशन शक्ति फेज-5 द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया और डॉ. कमाल अहमद, डॉ. शंकर लाल शर्मा, श्रीमती शुचि शर्मा, शहबा रहमान, नीरा गोयल, डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. चंद्रकला आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. रश्मि रावल शर्मा ने कहा कि हमें जनता को समाज में भाईचारा और एकजुटता का भाव विकसित करने और



अपने देश को शांतिपूर्ण बनाने का दायित्व निभाना होगा। डॉ. कमाल अहमद ने बताया कि यह भारत की प्रगति, राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता के लिए आवश्यक है, यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न समुदाय सुरक्षित रूप से एक साथ रह सकें। समाजसेविका शुचि शर्मा ने कहा कि समाज में स्वस्थ मानसिकता का होना आवश्यक है। शहबा रहमान ने कहा कि यह भारत की प्रगति, राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। डॉ. शंकर लाल शर्मा ने समझाया कि भारतीय संविधान, क्षेत्रीय या धार्मिक मतभेदों से परे एक सामान्य संस्कृति और साझा पहचान को बढ़ावा देकर इसे सुगम बनाता है। नारी कल्याण समिति की सचिव नीरा गोयल ने कहा कि सांप्रदायिक सम भाव रखने पर हमारे देश में उन्नति का क्रम हमेशा ऊपर ही रहेगा। हिन्दी विभाग से डॉ चंद्रकला के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा लघु नाटिका सांप्रदायिक सद्भाव विषय पर आयोजित की गयी।

लघु नाटिका में कशिश, यशिका, भूमि कांशी, स्पर्धा, आफिया, खुशबू, रियांशु, भावना, आफ़्सी नाज़, शहाल, सिमरन आदि ने प्रस्तुति दी। नारी कल्याण समिति से विनोद शर्मा, कंचन शर्मा, ऐश्वर्या, बबीता गुप्ता, मीनू सिसोदिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा द्वारा की गई और संचालन डॉ. सुमेधा चौहान द्वारा किया गया।

# बच्चों को दीनी तालीम देना ज़रूरी : मुफ़्ती क़ासिम नौमानी

## इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में हुआ दीनी तालीमी इजलास

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** काशीपुर रोड स्थित इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में एक अहम दीनी तालीमी इजलास का एहतमाम किया गया, जिसमें दारुल उलूम देवबंद से तशरीफ़ लाए मदरसे के मोहतमिम व शैखुल हदीस मशहूर आलिमे दीन मुफ़्ती अबुल क़ासिम नौमानी ने ख़िताब करते हुए तालीम की अहमियत पर रोशनी डाली।

मुफ़्ती अबुल क़ासिम नोमानी ने अपने तफ़सीली बयान में कहा कि आज का दौर साइंस और तरक़्क़ी का दौर है, लेकिन इसके साथ-साथ बच्चों की दीनी तरबियत को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर नई नस्ल को सिर्फ दुनियावी तालीम दी जाए और दीन से दूर रखा जाए तो समाज में अख़लाक़ी गिरावट पैदा हो सकती है। इसलिए यह बेहद ज़रूरी है कि बच्चों को शुरू से ही कुरआन, हदीस और इस्लामी तालीम से जोड़ा जाए।


इजलास को खिताब करते हुए मुफ़्ती अबुल क़ासिम नौमानी

उन्होंने मस्जिदों में मकतब क़ायम करने, बच्चों को उर्दू और फ़ारसी की बुनियादी तालीम देने और दीन की बुनियाद को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया।

इस मौके पर स्कूल के मैनेजर मुफ़्ती इरफ़ान क़ासमी ने अपने ख़िताब में कहा कि आज वक्त का सबसे बड़ा तकाज़ा यह है कि ऐसे इदारे क़ायम किए जाएं जहां मॉडर्न एजुकेशन के साथ-साथ दीनी तालीम भी दी जाए। उन्होंने कहा कि उनका स्कूल बच्चों को बेहतर तालीम देने के साथ-साथ दीनियात की भी मुकम्मल तालीम देने की कोशिश कर रहा है। मुफ़्ती इरफ़ान क़ासमी ने उलेमा और समाज के जिम्मेदार अफ़राद से अपील की कि वह आगे बढ़कर अपने-अपने इलाकों में दीनी स्कूल क़ायम करें, जहां बच्चों को अच्छी तालीम, अच्छी तरबियत और अच्छे अख़लाक़ सिखाए जाएं।

प्रोग्राम की शुरुआत क़ारी हसीनुर्रहमान ने तिलावत-ए-कुरआन से की, जबकि क़ारी ज़ियाउर्रहमान ने नात-ए-पाक पेश की। इजलास की सदारत मदरसा फ़ैज़ुल उलूम के मोहतमिम हज़रत मौलाना शफ़ीक अहमद क़ासमी ने की और निज़ामत मौलाना अताउर्रहमान ने बखूबी अंजाम दी। इस मौके पर मौलाना साजिद, मौलाना शमशीर, मौलाना शमशाद, कारी अब्दुल रहमान, हकीम इस्माइल, नदीम वफ़ा, हाजी अब्दुल कय्यूम,मुफ़्ती फैजान कमर, मुफ्ती रियाजुद्दीन, मुफ़्ती ज़हीर नदवी, मौलाना अकरम रसूलपुरी, इमरान वफ़ा, मौलाना अब्दुल वासे मिफ्ताहि, मुफ़्ती सईदुर रहमान आदि लोग मौजूद थे। अख़्तिताम पर मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ की गई।

## साइंस ओलंपियाड में आधारशिला स्कूल के बच्चों ने परचम लहराया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के अंतर्गत आयोजित विभिन्न विषयों की परीक्षाओं में आधारशिला द स्कूल के छात्रों ने स्वर्णिम परचम लहराया। अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में कक्षा अष्टम,अ की छात्रा अदिति गर्ग, ख्याति त्यागी, पावनीराज और सांची कुमारी तथा अष्टम स के छात्र केशव राणा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में नव्या शर्मा और लक्षी पाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में दिव्य देव आर्य, आयुष्मान कुमार, नवम अ की सिद्धि चौहान, नवम ब के अंश कुमार और गुंजन सिंह दशम स की छात्रा फातिमा राशिद और कक्षा 11 की छात्रा अक्षिता अग्रवाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड प्रतियोगिता में षष्ठ द की छात्रा कृति वर्मा, सप्तम अ की छात्रा अर्चिता चौहान और दिव्य देव आर्य सप्तम ब के छात्र मोहक प्रताप, दस अ की छात्रा वणिका शर्मा, दशम के छात्र देव चंद्रा दशम स की छात्रा काजल कक्षा 11 की छात्रा आराध्या चौहान, परिधि भाटिया, पीहू गुप्ता, सांची तोमर, नंदनी शर्मा और छात्र अनुकल्प अग्रवाल ने स्वर्णिम उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पाण्डेय को हिन्दी विषय में, कुलदीप कुमार शर्मा को सामान्य ज्ञान विषय में, सत्येंद्र शर्मा को अंग्रेजी विषय में, हेमंत त्यागी को विज्ञान विषय में गणित में कमलेश कुमार जोशी को एवं सामाजिक विज्ञान में शैलेन्द्र शर्मा को सराहनीय एवं प्रशंसनीय योगदान के लिए साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन सभी को विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी ने प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल-कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक सुरेंद्र सिंह को मिला सम्मान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के आसफाबाद चमन स्थित संविलियन विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र सिंह को गत दिनों अखिल भारतीय साहित्य परिषद हस्तिनापुर द्वारा गायत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रसिद्ध हिंदी विद्वान डॉ. पुरुषोत्तम पाटिल, बहसूमा रियासत के महाराजा कुंवर देवेंद्र सिंह तथा अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी डॉ. यतेंद्र कटारिया द्वारा भेंट किया गया। दूसरी ओर नोएडा में आयोजित एक कार्यक्रम में भी सुरेंद्र सिंह को लोक संस्कृति सम्मान से नवाजा गया, जहां अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ एवं वैदिक विद्वान स्वामी कर्मवीर महाराज द्वारा प्रदान किया गया। सुरेंद्र सिंह को ये सम्मान शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके निरंतर नवाचारी प्रयासों के लिए मिले हैं।


हस्तिनापुर व नोएडा में सुरेंद्र सिंह को सम्मानित करते अतिथि

## नकाबपोश महिला व पुरुष दुकान से ले उड़े गल्ला, मचा हल्ला

**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर में दिनदहाड़े एक कोल्ड ड्रिंक व्यापारी की दुकान से नकदी से भरा गल्ला चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना को अंजाम देकर एक नकाबपोश महिला और एक पुरुष मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

जानकारी के अनुसार, गांव भोजपुर निवासी सचिन कुमार कोल्ड ड्रिंक का व्यवसाय करते हैं। घटना उस समय की है जब दोपहर में वह अपनी दुकान का शटर गिरा कर आसपास की दुकानों पर ऑर्डर लेने गए हुए थे। इसी बीच मौका पाकर एक महिला और एक पुरुष, दोनों चेहरे ढके हुए, दुकान का शटर खोलकर अंदर घुसे और गल्ला उठाकर फरार हो गए। सचिन कुमार के मुताबिक, गल्ले में लगभग एक लाख 38 हजार रुपये नकद रखे थे। चोरी की जानकारीमिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में जीजा-साला गिरफ़्तार

### चार पहले ही जा चुके हैं जेल

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को संचालित करने के आरोप में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में जीजा-साले हैं तथा काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से सऊदी अरब में रह रहे वांछित मुख्य आरोपी आकिब खान से जुड़े हुए थे।

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से सम्बन्धित यह प्रकरण 21 नवंबर, 2025 को सोशल मीडिया एक्स पर की गई शिकायत के बाद पुलिस के संज्ञान में आया था। इंस्टाग्राम की एक लाइव वीडियो के साथ शिकायत की गई थी कि बिजनौर के नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल टेररिस्ट - इन - मेकिंग है तथा अत्याधुनिक रायफलों और हैंड ग्रेनेड के साथ इंस्टाग्राम लाइव करता है।

पुलिस राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में उक्त मुकदमे से सम्बन्धित, मैजुल पुत्र शौकीन निवासी ग्राम सौफतपुर, थाना नांगल, उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी मौ. शाहचंदन थाना चांदपुर, हाल निवासी ग्राम टांडा माईदास थाना रायपुर सादात, जलाल हैदर


राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार जीजा-साले

उर्फ उर्फ समीर जाफरी पुत्र स्व. मौ. अकरम निवासी ग्राम बुलचंदपुर उर्फ मुंडाखेड़ा थाना नजीबाबाद तथा समीर उर्फ रूहान पुत्र कूड़े निवासी ग्राम फैरुल्लानगर, शाहपुर थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

विवेचना के दौरान जुल्फिकार उर्फ राका पुत्र राशिद निवासी ग्राम साहबपुरा रतन थाना किरतपुर तथा आरिफ मलिक पुत्र मौ. यूसुफ निवासी ग्राम खाईखेड़ी थाना नजीबाबाद के नाम भी प्रकाश में आये। शुक्रवार को इन दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त आरिफ मलिक ने पूछताछ में बताया कि उसने आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों का ग्रुप बना रखा था। उन लड़कों को अपने साथ जोड़ने के लिये आकिब खान ने उसके घर पर फरवरी, 2025 में फायरिंग करवाई थी। पिछले दिनों हुई गिरफ्तारियों को देखकर आकिब ने व्हाट्सऐप के माध्यम से आरिफ को सचेत किया था और जुल्फिकार (आरिफ का जीजा) को भी खुद से (आकिब खान से) सम्बन्धित फोटो व वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट व मोबाइल से डिलीट करने को कहा था। अभियुक्त जुल्फिकार ने पूछताछ में बताया कि वह दो वर्षों से तमिलनाडु में रहकर नाई का काम करता है तथा 2 वर्षों से ही आकिब खान से जुड़ा हुआ है। दोनों ने बताया कि आकिब खान सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो डालता है, जिनमें धार्मिक कट्टरता की बात करते हुए वह हिंदुओं, साधु - संतों को टारगेट करता है। हिंदुओं के वाहनों में आग लगाने तथा रेलवे ट्रैक को क्षति पहुंचाने की बात करता है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

### अधिकतर आरोपी पेशे से नाई

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार एक और आरोपी पेशे से नाई हैं। इससे पहले राष्ट्विरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त समीर उर्फ रूहान, उवैद मलिक, जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी तथा सादिक उर्फ डेविल तथा मैजुल भी पेशे से नाई थे। लोग हैरत में हैं कि बाल काटने और दाढ़ी बनाने वाले लोग कैसे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जुड़ गये। इस गिरोह में इतनी ज्यादा संख्या में नाइयों के शामिल होने से लोग अचंभित हैं।

# बधाई हो बधाई, बालिका विद्या मंदिर की आकृति सिंह इंटर में जिले में द्वितीय आई




धामपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परीक्षा परिणाम में लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी आकृति सिंह ने इंटरमीडिएट में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पुराना धामपुर की चुंगी कालागढ़ रोड निवासी दिनेश कुमार ठेकेदार व कंचन देवी की होनहार पुत्री आकृति सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में से 458 अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती शोभा अग्रवाल, प्रबंधिका श्रीमती पारुल अग्रवाल, श्रीमती रश्मि गोयल, श्रीमती अनीता गोयल, संरक्षक राकेशचंद्र अग्रवाल, श्रीमती सरिता गोयल ने छात्रों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अभावती ने बताया कि हाईस्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का रिजल्ट 97 प्रतिशत रहा।

## हाईस्कूल में दिव्या, इंटर में हिमांशु आये प्रथम



धामपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में राधा इंटर कॉलेज धामपुर का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 99.2 तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 97.2 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में दिव्या राजपूत ने प्रथम, शिवांश कुमार ने द्वितीय, पलक चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट में हिमांशु कुमार ने प्रथम, गौतम ने द्वितीय, अशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हाईस्कूल की नेहा रवि ने कॉलेज टॉप कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया





मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। यूपी बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। हाईस्कूल की नेहा रवि ने कॉलेज टॉप कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में सिमरन अंसारी व अलीना खातून ने बराबर अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में हाईस्कूल की परीक्षा में नेहा रवि ने 92.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप कर साथ ही जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। असबा ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा व तृप्ति लाल ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग की परीक्षा में सिमरन अंसारी व अलीना खातून ने 87.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर दोनों छात्राओं ने बराबर अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कॉलेज टॉप किया। रिया ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व मोहम्मद उवैश ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में खुशबू परवीन ने 80.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। अनुशा ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व नंदनी ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, द्विजेंद्र सिंह, शैलेश सिंह, रविकांत वर्मा, गजे सिंह, शिवओम राजपूत, मुकुल राठी आदि शिक्षकों ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एमडीकेवी में हाईस्कूल में 233 व इण्टरमीडिएट में 171 प्रथम रहीं



अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुंह मीठा करातीं प्रधानाचार्या।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के एमडीकेवी इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा परिषद (बोर्ड परीक्षा 2026) में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्राओं का परिणाम घोषित किया गया। हाईस्कूल में 242 छात्राएं सम्मिलित हुईं, जिसमें 233 प्रथम व 9 छात्राएं द्वितीय रहीं। ससम्मान 75 रहीं तथा रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। कु. अंशिका वर्मा ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, कु. यशस्वी दक्ष ने 87.9 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व कु. मानवी राजपूत ने 86.2 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इण्टरमीडिएट में 242 छात्राएं सम्मलित हुईं, जिसमें 171 प्रथम, 61 द्वितीय व 6 तृतीय, 30 छात्राएं ससम्मान, चार छात्राएं अनुत्तीर्ण रहीं तथा रिजल्ट 98.35 प्रतिशत रहा। इण्टरमीडिएट में कु. राफिया परवीन ने 76.6 प्रतिशत, कु. नन्दिनी ने 76.4 प्रतिशत, कु. श्वेता रानी ने 76.4 प्रतिशत, कु. वनुष्का ने 87.6 प्रतिशत, कु. वैष्णवी ने 87.4 प्रतिशत, कु. जोहनिश ने 83.8 प्रतिशत, कु. अंशप्रीत कौर ने 77.2 प्रतिशत, कु. भूमिका राजपूत ने 77 प्रतिशत, कु. शबा परवीन ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय के प्रबंधक नीरज जैन एवं विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

## रणविजय भान सिंह इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा उल्लेखनीय





बिजनौर ( चिंगारी )। मोहल्ला चौधरियान बिजनौर स्थित रणविजय भान सिंह इंटर कॉलेज का यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर का परीक्षाफल उल्लेखनीय रहा। प्रधानाचार्या उजमा फारुखी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार हाईस्कूल की परीक्षा में शादान अख्तर पुत्र श्री कमाल ने 86.33 प्रतिशत, जोया पुत्री श्री अशरफ ने 72.66 व नमरा पुत्री श्री फरहत ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में इलमा पुत्री श्री महबूब ने व शिदरा पुत्री श्री शमीम ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जकिया पुत्री श्री शम्सु ने 73.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में द्वितीय और मंतशा पुत्री श्री अनवर ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंधक विनय राणा, प्रधानाचार्या श्रीमती उजमा नाहिद फारुखी व समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## हाईस्कूल में बालक, इंटर में बालिकाएं आगे रहीं



हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। दयानंद जनता इंटर कॉलेज, हीमपुर दीपा में यूपी बोर्ड में हाईस्कूल में बालक अव्वल रहे, तो इंटरमीडिएट में बालिकाएं अपना परचम लहराने में सफल रहीं। प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल के छात्र वंश पुत्र विपिन 527/600 (87.8 प्रतिशत), आकाश गुप्ता पुत्र सोनू कुमार 504/600 (84 प्रतिशत) तथा सूर्यांश देव पुत्र संदीप को 500/600 (80.8 प्रतिशत) प्रतिशत अंक मिले हैं, जबकि इंटरमीडिएट की छात्रा दीपिका पुत्री प्रीतम सिंह 417/500 (80.4), कृतिका रानी पुत्री सोमपाल सिंह 410/500 (82.6) और मेघा रानी पुत्री इंद्र कुमार 411/500 (82.2) प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

## मुनीर अंसारी ने किया नाम रोशन



जिले में पांचवां स्थान पाने वाले मुनीर अहमद अंसारी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते स्कूल स्टाफ व पालिका सभासद।

नगीना ( चिंगारी )। यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में एमएम इंटर कॉलेज के होनहार छात्र मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद अंसारी ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ज़िले में पांचवां स्थान पाया है। मुनीर अहमद अंसारी की सफलता पर कॉलेज के शिक्षकों व प्रबंधक ने उसे व उसके परिवार को बधाई दी है। कॉलेज में पहुंचे मुनीर अहमद अंसारी को स्कूल स्टाफ, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर,पालिका चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील व पालिका सभासदों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## हाईस्कूल में नबिया व इण्टर में कुलसुम ने विद्यालय टॉप किया



नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इन्टर कॉलेज में यूपी बोर्ड का कक्षा 10 व 12 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाफल घोषित करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमति ज्योति शर्मा ने बताया कि इस बार भी विद्यालय का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12 की कुलसुम (मौ. जाकिर) ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। कक्षा 10 में नबिया (मनव्वर अली) ने 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। अध्यक्ष खुर्शीद आलम एड. व मैनेजर यूनुस ने टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनका मुंह मीठा कराया। प्रधानाचार्या को बेहतरीन परीक्षाफल के लिए बधाई देते हुए टॉपर छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आर्शीवाद दिया। सतीश वर्मा का सहयोग रहा। शिक्षिका बुशरा रहमान, फरहा आदि मौजूद रहीं।

## अनम इलाही ने नाम रोशन किया




नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा अनम इलाही पुत्री मोहम्मद इनाम ने बोर्ड परीक्षा में 78.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनम इलाही की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, लगन व नियमित अध्ययन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने उसकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवारजनों ने भी अनम की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर इसे उसकी मेहनत का फल बताया।

## विदुर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



गंज ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 10 व 12 के घोषित परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के श्री विदुर गुरु ग्रह इंटर कॉलेज दारानगर विदुर कुटी के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। विज्ञान वर्ग की वर्णिका शर्मा पुत्री विनय शर्मा ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ में ही मानविकी वर्ग में रिया पुत्री जयपाल सिंह ने 87 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 की परीक्षा में विद्यालय के कुलदीप कुमार सैनी ने 91 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं संजना ने 88.6प्रतिशत तथा कार्तिक सैनी 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रम से द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## इंटर में जिला टॉपर अक्षित चौहान इंजीनियर बनने का रखता है अरमान



धामपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में धामपुर के रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अक्षित चौहान ने 500 में से 459 अंक के साथ 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। मूल रूप से बसेड़ा कुंवर गांव निवासी अक्षित चौहान ने बताया कि वह धामपुर की न्यू हिंदू कॉलोनी में रहते हैं उनके पिताजी ओम कुमार विद्युत विभाग में एसएसओ के पद पर कार्यरत हैं और माताजी मनोज कुमारी गृहिणी हैं। अक्षित की बड़ी बहन आंचल राजपूत एसएससी की तैयारी कर रही हैं। जिला टॉपर अक्षित चौहान ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बारे में बताया कि इंटरमीडिएट की तैयारी के लिए वह सुबह 6 बजे उठते थे। स्कूल में पढ़ाई के अलावा उन्होंने गणित, फिजिक्स, केमिस्ट्री और अंग्रेजी विषय में ट्यूशन भी लिया। अक्षित ने बताया कि वह फुटबॉल और क्रिकेट खेलने का भी शौक रखते हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया का सीमित उपयोग किया और मोबाइल का इस्तेमाल पढ़ाई संबंधी जानकारी के लिए ही किया। अक्षित भविष्य में इंजीनियर बनने का लक्ष्य निर्धारित कर आगे की पढ़ाई करेंगे। अक्षित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी बहन और गुरुजनों को दिया है। उनकी सफलता पर विद्यालय में खुशी का वातावरण है।

## इलमा अल्फ़रीन ने दिशा इंस्टीट्यूट में पाया प्रथम स्थान



धामपुर ( चिंगारी )। दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बीसीए पंचम सेमेस्टर (तृतीय वर्ष) का परीक्षाफल महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को पुनः सिद्ध किया है। छात्रा इलमा अल्फरीन पुत्री श्री मौ. शहजाद ने 76.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किये और इंस्टीट्यूट में प्रथम, स्थान प्राप्त किया। छात्रा मेघा चौहान पुत्री श्री सोमवीर सिंह 76.57. प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं छात्रा हंसिका रूहेला पुत्री श्री सुरेश कुमार 75.00 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और प्रोत्साहन कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। संस्थान परिसर में परिणाम घोषित होते ही खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष गौरव मलिक, मधुलिका राजपूत, रश्मि शर्मा (कोर्डिनेटर), जितेन्द्र सिंह, नीशू सिंह, परमजीत कौर ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दीं और आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया।

## हुमैरा फरीदी ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये



नजीबाबाद ( चिंगारी )। मूर्ति देवी कन्या इंटर कालेज नजीबाबाद की दसवीं की होनहार छात्रा हुमैरा फ़रीदी पुत्री मोहम्मद ताहिर फ़रीदी ने यूपी बोर्ड परीक्षा में 80.5 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसके लिए प्रधानाध्यापिका एवं टीचर्स ने हुमैरा फ़रीदी को बधाई दी है। परिजनों ने छात्रा को दुआओं से नवाजा।

# चौकीदार की हत्या से स्कूल में सनसनी

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)।** थाना चरथावल क्षेत्र स्थित किड्स हैविन पब्लिक स्कूल में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्कूल के चौकीदार की अज्ञात बदमाशों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजू उर्फ राजकुमार (50 वर्ष), पुत्र महेन्द्र, निवासी कस्बा व थाना चरथावल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन, क्षेत्राधिकारी सदर एवं थाना चरथावल पुलिस टीम तत्काल पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी साक्ष्य जुटाने के लिए लगाया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के शीघ्र खुलासे के लिए एसओजी सहित तीन टीमों का गठन कर दिया गया है, जो विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना चरथावल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



मृतक का फाइल फोटो

# धूमधाम से मनायी जाएगी व्यापारी एकता परिषद की दूसरी वर्षगांठ



**बिजनौर (चिंगारी)।** व्यापारी एकता परिषद की एक बैठक बैराज रोड स्थित एक रेस्टोरेंट पर संपन्न हुई, जिसका संचालन जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी व जिला मंत्री राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा ने की। बैठक में मुख्य वक्ता राहुल वर्मा ने बताया कि 9 मई को संगठन की वर्षगांठ मनाई जाएगी, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज हित में सामाजिक कार्य कर रही संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा ने कहा कि संगठन के द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाली सामाजिक संस्था, सामाजिक व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता चरण सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नईम अहमद अंसारी, जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, शिवम शर्मा, नगर मीडिया प्रभारी मोहम्मद आबिद नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, शिवम गुप्ता नगर अध्यक्ष चंदक नमन उपाध्याय, विशाल चौधरी, शाकिर मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक ने छात्रा को ग़लत तरीके से पकड़ा, कॉपी फाड़कर कक्षा से निकाला

**नगीना (चिंगारी)।** छात्रा के साथ बदसलूकी किए जाने के आरोप में पुलिस ने एलआरएस एकादमी के एक शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में एक पिता ने कहा कि उसकी पुत्री एलआरएस कॉलेज में कक्षा 12 वीं की छात्रा है। कहा गया कि 22 अप्रैल को दिन में करीब 11 बजे उसकी पुत्री अपनी कक्षा में अन्य विद्यार्थियों के साथ आंतरिक परीक्षा दे रही थी। आरोप है कि कक्षा में मौजूद शिक्षक इरशाद अहमद उसकी पुत्री के पास आया और गलत तरीके से उसकी पुत्री का गला पकड़कर उठाकर उसके साथ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए पुत्री की कॉपी फाड़कर फेंक दी और धक्के देकर कक्षा से बाहर निकाल दिया। कहा गया कि उसकी पुत्री ने घर आने पर यह सारी घटना उसे व परिवारजनों से बताई। आरोप है कि घरवालों के साथ 23 अप्रैल को समय सुबह 8.30 बजे जब स्कूल पहुंचकर मैनेजमेन्ट से उक्त शिक्षक इरशाद अहमद की शिकायत की तो स्कूल मैनेजमेंट ने भी उसे व घरवालों के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौच कर अपमानित किया और धमकी दी कि अगर बात को आगे बढ़ाया तो तुम्हारी बेटी का चरित्र खराब कर देगें और टीसी काटकर तुम्हारे हाथ में रख देंगे और ऐसी टीसी काटी जायेगी की किसी और स्कूल में भी भविष्य में प्रवेश नहीं ले सकेगी। मैनेजमेन्ट ने यह धमकी भी दी कि हमारे परिवार वाले व रिश्तेदार कई विभागों में उच्चधिकारी के पदों पर कार्यरत हैं, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। थाना अध्यक्ष अवनीत मान का कहना है कि आरोपी शिक्षक व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

**पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई एफआईआर**

# महिला ने ग्राम प्रधान और उसके पुत्रों पर लगाया अश्लीलता का आरोप

**स्योहारा (चिंगारी)।** ग्राम कुरी बांगर निवासी एक महिला ने कोर्ट में तहरीर देकर बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान जाहिद पिछले काफी समय से महिला पर बुरी नीयत रखता है। रास्ते में आते-जाते पीछा करते हुये अश्लील हरकते करता था। कई बार इसे समझाया, परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आया। 19 मार्च 26 की रात्रि आठ बजे जाहिद महिला के घर में घुस आया और उसकी कौली भरकर अश्लील हरकतें कीं। शोर शराबे पर कुछ लोग आ गये। जिन्होंने जाहिद को मौके पर पकड़ लिया। इस बात की सूचना जाहिद के पुत्रगण शहजाद, जावेद, वसीम उर्फ मोनू को हुई, जो आपस में हमसाज व एक राय होकर महिला के घर में घुस आये और आते ही अपने पिता को छुड़ाने लगे, महिला के विरोध करने पर चारों ने महिला को मारापीटा और उसके कपडे फाड़कर लज्जा भंग कर दी और कहने लगे कि बहुत इज्जतदार बनती है आज तेरी इज्जत तार-तार कर देंगे और महिला के कपड़े फाड़ दिये। उसके तीनों पुत्र जाहिद को छुड़ाकर ले गये। पुलिस में शिकायत करने पर हत्या करने व महिला के परिवार वालों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। महिला घटना के तुरंत बाद थाना स्योहारा पर रिपोर्ट लिखाने गई, परंतु आरोप है कि एसआई प्रमोद कुमार व सिपाही राजू दिवाकर ने उल्टा महिला के परिवार वालों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और रिपोर्ट नहीं लिखी। आरोपित इससे पूर्व भी महिला व उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना कारित की थी। पुलिस ने ग्राम प्रधान जाहिद हुसैन और उसके तीनों पुत्रों वसीम उर्फ मोनू शहजाद के खिलाफ़ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लघु उद्योग भारती ने जय कुमार गुप्ता और अरुण चौधरी का स्वागत किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** स्मॉल इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बैंक (सिडबी) के महाप्रबंधक जय कुमार गुप्ता का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष कुलदीप जैन व उनकी टीम ने मोहित पेट्रोकेमिकल्स पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में स्वागत किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने सिडबी की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की तथा उद्योग जगत को आश्वासन दिया कि सिडबी हरसंभव लोन इंडस्ट्री को मुहैया करायेगी, चाहे वह एक करोड़ हो या 100 करोड़। इस अवसर पर श्री अरुण चौधरी का स्वागत इंजी. मणि खन्ना महामंत्री लघु उद्योग भारती ने किया। बता दें कि अरुण चौधरी बिजनौर में गोल्ड सर्टिफिकेट की पहल करने वाले पहले कंसलटेंट हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं पर रोशनी डालते हुए बिजनौर के लघु उद्योग भारती के उद्योगों को आश्वासन दिया कि वह उनका हरसंभव कंसल्टेंसी मुहैया करवाएंगे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष रामेंद्र, नगर अध्यक्ष नहटौर नेपाल, दीपक राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# स्वनिधि योजना का लाभ उठाने को प्रेरित किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगर पालिका परिषद बिजनौर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वानिधि योजना के लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने सर्वश्री अमीचंद पुत्र लल्लू, कासिम पुत्र रईस निवासी नई बस्ती, जगन पुत्र लाला सिंह निवासी चाहशीरीं, सुक्खा पुत्र अमीन, मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद यामीन, शमीम अहमद पुत्र वसीम अहमद निवासी मिर्दगान, अब्बास निवासी खत्रियान तथा संजय पुत्र घसीटा निवासी मोहल्ला जाटान, घेर रामबाग से बातचीत की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वानिधि योजना का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय को बढ़ावा देना है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे इस योजना का पूरा लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वानिधि योजना से वंचित पात्र व्यक्तियों की पहचान के लिए दोबारा सर्वे कराया जाए और सभी पात्र लोगों को योजना से आच्छादित किया जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# नगीना नगर पालिका का बजट पास
# 47 करोड़ से होगा नगर का विकास



**नगीना ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद नगीना इस साल नगर में करीब 47 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराएगी। बोर्ड की बजट बैठक में दो करोड़ तीन लाख रुपये अनुमानित आय का बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। बृहस्पतिवार की दोपहर पालिका के अधिशासी अधिकारी के कक्ष में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी आशुतोष राम प्यारे जैसवाल व प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी के संचालन में आयोजित बैठक में 47 करोड़ 13 लाख रुपये की अनुमानित आय व 45 करोड़ दस लाख रुपये की अनुमानित व्यय का बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। बैठक में पालिका के सभी सभासदों ने नगर में होने वाले विकास कार्य, खास तौर से सड़कों के निर्माण में सभासद की सहमति अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। पालिका बोर्ड की बैठक में नगर के एमएम इंटर कॉलेज के मैदान पर मिनी स्टेडियम बनवाए जाने,नगर की सफ़ाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफ़ाईकर्मियों व वाहनों की संख्या बढ़ाने, डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में पुस्तकालय की स्थापना करवाने, आवारा जानवरों को पकड़वाने, नगर में कपड़े धोने वाले लोगों के लिए धोबी घाट बनवाने, शवयात्रा वाहन की व्यवस्था करने, नगर के हर बिजली के पोल पर नई लाइट लगवाने, बेरोजगारों के लिए रोजगार मेला लगवाने, पेयजल व्यवस्था बेहतर कराने आदि के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। बैठक में चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील, शहराज खलील, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, मुनीर अहमद, सभासद रामकुमार यादव, गोपाल शर्मा, रोहित बिश्नोई, मोहम्मद शानू, मकसूद उस्मानी, उस्मान जैदी, कपिल पवार, राजकुमार सैनी, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।



## मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**नगीना ( चिंगारी )।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हिंदू इंटर कॉलेज के प्रार्थना स्थल में शुक्रवार की दोपहर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य यशवीर सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले के टॉप टेन में शामिल व विद्यालय की टॉपर वाणिज्य वर्ग की छात्रा मुस्कान वर्मा(88.2 प्रतिशत), विज्ञान वर्ग के रोहन कुमार(85.8 प्रतिशत), कला वर्ग की गीता(66 प्रतिशत)व व्यावसायिक वाणिज्य वर्ग की इशरा(78.1प्रतिशत) तथा हाईस्कूल के नमन(89.6 प्रतिशत), स्मित(84.8 प्रतिशत)व आदित्य(80.6 प्रतिशत)को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य रनवीर सिंह, धीरज कुमार, भानूप्रकाश,धीरेन्द्र तिवारी,राजेंद्र प्रसाद,राजेंद्र सिंह,पवन त्यागी,कुसुमलता ,राजकुमार,सुनील कुमार शर्मा समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## सृष्टि अग्रवाल को परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ) उत्तर प्रदेश के युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल द्वारा यूपी बोर्ड की कक्षा 12 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर छात्रा सृष्टि अग्रवाल को अंग वस्त्र व अशोक स्तंभ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सृष्टि अग्रवाल मूर्ति देवी कन्या विद्यालय इंटर कॉलेज नजीबाबाद की साइंस साइड की मेधावी छात्रा है। युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल ने कहा कि सृष्टि अग्रवाल ने अपने सभी विषयों में डिक्टेशन लाकर वैश्य समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी। ऐसी बेटियां ही समाज व देश का नाम रोशन करती हैं। यह गौरवपूर्ण सफलता उसकी अथक लगन, कठोर परिश्रम व दृढ़ अनुशासन का परिणाम है। इसके लिए, अभिभावक एवं गुरुजनों का स्नेह व मार्गदर्शन भी इस उपलब्धि में समाहित है। भविष्य की प्रत्येक चुनौती में उसका संकल्प व सामर्थ्य अधिक निखरे, हर मंज़िल कदमों में हो। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल व परिवार जनों ने सृष्टि अग्रवाल की सफलता पर बधाई व आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सृष्टि अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना अनिल कुमार सिंघल, माता पायल अग्रवाल व समस्त गुरुजनों को दिया तथा इस मान सम्मान के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन परिवार का आभार व्यक्त किया।



## मांगों को लेकर विश्वकर्मा ब्रिगेड ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्वकर्मा ब्रिगेड से जुड़े लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने गाजीपुर जनपद में हुई निशा विश्वकर्मा हत्याकांड और पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए हमले को लेकर आक्रोश जताया। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि गाजीपुर के थाना करंडा क्षेत्र के ग्राम कटेरिया में नाबालिग निशा विश्वकर्मा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर उसका शव गंगा में फेंक दिया गया था, जिससे पूरे समाज में रोष है। इसके अलावा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर कथित तौर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पथराव किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की और मौके पर मौजूद रहते हुए भी मूकदर्शक बना रहा। इसी के विरोध में विश्वकर्मा ब्रिगेड के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया। धरनारत लोगों ने मांग की कि निशा विश्वकर्मा के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूर्व मंत्री पर हुए हमले के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु पर कार्रवाई और संबंधित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बर्खास्त करने की भी मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने में विश्वकर्मा बिगेड के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष विश्वकर्मा, गौरव धीमान, राजीव धीमान, सुरेंद्र धीमान, राजेश धीमान, विमल धीमान, महेश धीमान, प्रमोद धीमान, डा.राजेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, दीपक शर्मा, मीनू शर्मा, सुनील कुमार, श्री प्रकाश, अनुज धीमान शास्त्री, खगेश कुमार व अख़लाक़ पप्पू आदि शामिल रहे।

## सुरक्षा के लिए नगर की पटाखा दुकानों व गोदामों का सघन निरीक्षण किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सीओ अंजनी कुमार ने थाना नजीबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पटाखा दुकानों व गोदामों का अग्निशमन विभाग की टीम के साथ सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों, लाइसेंस, भंडारण व्यवस्था व आपातकालीन उपायों की गहनता से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों व गोदामों में आग बुझाने के उपकरणों की उपलब्धता, उनकी कार्यशीलता, उचित दूरी पर पटाखों का भंडारण, विद्युत व्यवस्था की स्थिति तथा आपातकालीन निकास जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की। कई स्थानों पर छोटी-मोटी कमियां पाए जाने पर संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। सीओ अंजनी कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि पटाखा कारोबार में जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी दुकानदार सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी केएस जादौन टीम के साथ मौजूद रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट





सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताएँ:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# पुलिस ने चोरी की घटना खोली दो आरोपियों के पैर में लगी गोली

**नूरपुर ( चिंगारी )।** करीब चार माह पूर्व नूरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नंगली जाजू में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार के अनुसार बृहस्पतिवार की रात्रि पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम नंगली जाजू में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं से संबंधित कुछ शातिर चोर बिजली घर के पास गौहावर मार्ग पर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई तो संदिग्धों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में दो व्यक्तियों के पैर में गोली लगी ओर दो व्यक्तियों को घेराबंदी करके पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में अपना नाम व पता सतीश उर्फ गुलफाम पुत्र तिरमल व सौरभ पुत्र सूरज उर्फ अजीब निवासीगण योगेन्द्र नगर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर, अनिल पुत्र बलराम मोहल्ला दयालबाग नई बस्ती थाना मंडावर, जनपद बिजनौर व सत्यवीर पुत्र ताराचंद निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना भोपा, जनपद मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार घायल अभियुक्तों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे दो खोखा कारतूस व एक अदद जिन्दा कारतूस तथा 1,68,500 रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस ने घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र के गांव नंगली जाजू में पूर्व में तीन घरों में व थाना नांगल के ग्राम सौफतपुर व तिसोतरा में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पूछताछ में यह भी बताया कि चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषणों को मुजफ्फरनगर के एक सुनार को बेच दिया गया तथा उससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, एसआई अमूल मिश्रा, परवीन कुमार व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चार आरोपी पकड़े।

# ग्राम प्रधान कमित कुमार को हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिली

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जोगीऔंधा के ग्राम प्रधान कमित कुमार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा क्लीन चिट दे दी गई, जिसके कारण वह फिर ग्राम प्रधान बन गए। विरोधी गुट के लोगों की शिकायत पर उन्हें सस्पेंड किया गया था। उनके बहाल होते ही प्रधान पक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं विरोधी खेमे में मायूसी है। ग्राम पंचायत जोगीऔंधा में विकास एवं निर्माण कार्य कराए जाने के नाम पर एक निजी कंपनी के खातों से लेन-देन होना दर्शाया गया था। जैसे ही सत्यपाल, प्रदीप, सौरभ आदि लोगों को यह पता चला तो सभी जिलाधिकारी के दरबार में जा पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान कमित कुमार के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की। जांच में सभी शिकायत सत्य पाए जाने के बाद ग्राम प्रधान कमित कुमार को निलंबित कर वहां महबूब अली की अगुवाई में तीन सदस्यी कमेटी का गठन कर दिया गया था, जिसके बाद महबूब अलीग्राम प्रधान कमित कुमार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दायर कर दी। उच्च न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास एवं निर्माण कार्य में जांच में कमित कुमार पर शासकीय धनराशि के दुरुपयोग या गबन प्रमाणित होना नहीं पाया गया, इसीलिए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) एवं जांच नियमावली 1997 में प्रावधानित नियमों के अंतर्गत ग्राम प्रधान पद से हटाए जाने या पद पृथक की कार्रवाई कराना न्यायोचित नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने कमित कुमार को ग्राम प्रधान पद पर बहाल करते हुए पूर्व में चेतावनी भी दी कि पुनः ऐसी लापरवाही शिथिलता दुरुपयोग पाए जाने पर प्रधान के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर पदच्युत किया जाएगा।

**समर्थकों की बांछें खिलीं**

## बैटरे में पानी डालते समय करंट लगने से मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** घर में स्थित बैटरे में पानी डालते समय अचानक पालिका का आउटसोर्सिंग कर्मचारी करंट की चपेट में आकर झुलस गया। जिसे परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की देर शाम को मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी आनंद राज (25 वर्ष) पुत्र अशोक अपने घर पर बैटरी में पानी डाल रहा था। इस दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही बेहोश हो गया, जिसे परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक आनंद राज अविवाहित और पालिका में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था।



मृतक का फाइल फोटो

# गन्ना सर्वे कार्य हेतु प्रशिक्षण दिया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गन्ना आयुक्त के निर्देशानुसार जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह ने पी.बी.एस. फूड्स चांदपुर, बिंदल पेपर्स चांगीपुर व वेव शुगर मिल बिजनौर में गन्ना सर्वे कार्य को पारदर्शी बनाने हेतु संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण में तकनीकी दक्षता एवं डेटा सुरक्षा के लिये सर्वे स्टाफ को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से जीपीएस युक्त एंड्रइड मशीनों और एसजीके सर्वे, मिल ऐप के तकनीकी संचालन का गहन अभ्यास कराया गया। डीसीओ पी.एन. सिंह ने बताया कि गन्ना सर्वे का कार्य एक मई से प्रारम्भ होकर 30 जून तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस सत्र में केवल पौधा गन्ने का विस्तृत सर्वे किया जायेगा, जबकि पिछले वर्ष के जो पौधे पेड़ी में परिवर्तित हुए हैं, उन प्लाटों का केवल भौतिक सत्यापन किया जायेगा। समस्त गन्ना कृषकों के लिये inquiry.caneup.in पोर्टल पर अपना घोषणा पत्र भरना अनिवार्य कर दिया गया है। पारदर्शिता के उद्देश्य से किसानों के डेटा का मिलान राजस्व विभाग की वेबसाइट upbhulekh.gov.in पर उपलब्ध आधिकारिक रिकॉर्ड से किया जायेगा। चीनी मिलों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि वे सर्वे टीम के आगमन की सूचना किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल पर 3 दिन पहले ही उपलब्ध करा दें। सर्वे कार्य पूरा होते ही किसान के खेत का विवरण और सम्बन्धित आंकड़े तत्काल एसएमएस के जरिये उनके मोबाइल पर भेज दिये जायेंगे। गन्ने की किस्मों के साथ-साथ ड्रिप इरिगेशन, सहफसली खेती, पौधशाला और आदर्श प्लाटों का स्पष्ट अंकन किया जायेगा। विशेष रूप से ट्रेंच विधि और जोड़ीदार पंक्ति (पेयर्ड रो) का ब्यौरा अलग से दर्ज होगा, ताकि भविष्य में मैकेनिकल हार्वेस्टिंग हेतु विश्वसनीय डेटा बेस तैयार किया जा सके। भीषण गर्मी को देखते हुए चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे फील्ड सर्वे कर्मियों को धूप से बचाव हेतु आवश्यक सुरक्षा किट व सामग्री अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर घायल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम शेरगढ़ मार्ग पर एक ग्राम जटपुरा निवासी सत्यवीर सिंह समारोह के बाद टैंट का सामान लेकर सुरजन जा रहा थे। तभी सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर का पहिया सड़क से नीचे उतर गया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे गहरे खड्डे में पलट गई, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली का चालक दूर जा गिरा, जबकि उस पर सवार मजदूर नन्हे ट्रैक्टर-ट्राली और सामान के बीच फंस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का किनारा ऊंचा-नीचा होने के कारण यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं।

# एसीएमओ ने की प्रकरण की जांच

**शेरकोट ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला फतेहनगर स्थित चांदनी क्लीनिक की महिला चिकित्सक डॉ. सना द्वारा रात के समय जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचने और अभद्रता करने की जिलाधिकारी और सीएमओ से शिकायत की गई थी। शुक्रवार को एसीएमओ ने क्लीनिक पर पहुंचकर इस प्रकरण की जांच करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। एक सप्ताह पूर्व हुए इस प्रकरण को लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच के आदेश दिये गए थे, जिस पर एसीएमओ डॉ. आर के विश्वकर्मा के नेतृत्व में कल शाम जांच टीम चांदनी क्लीनिक पर पहुंची। टीम में नायब तहसीलदार कपिल आजाद, डॉ. देवेंद्र कुमार भी शामिल रहे।**

# संवेदनशील मामले को समझदारी से निपटाया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की एक शानदार झलक उस समय देखने को मिली, जब एक संभावित संवेदनशील घटनाक्रम को समझदारी, संयम और समय पर हस्तक्षेप के चलते शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। जानकारी के अनुसार नगर के एक मोहल्ले में छोटे बच्चों के बीच खेलकूद के दौरान एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जब अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों द्वारा बहुसंख्यक समुदाय के एक बच्चे को कथित रूप से जबरन मीट खिलाने का प्रयास किया गया। इस बात की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई कुछ देर के लिए माहौल में असहजता और संवेदनशीलता बढ़ गई। लोगों के मन में तरह-तरह की आशंकाएं जन्म लेने लगीं और मामला तूल पकड़ने की स्थिति में पहुंचता नजर आने लगा। इसी बीच दोनों समुदायों के समझदार और जिम्मेदार लोग तुरंत सक्रिय हुए। उन्होंने बिना किसी जल्दबाजी या उत्तेजना के आपसी संवाद का रास्ता अपनाया और पूरे घटनाक्रम को शांतिपूर्वक समझा और लोगों ने बच्चों की इस हरकत को नादानी मानते हुए माहौल को बिगड़ने से बचा लिया। आपसी समझ और विश्वास के बल पर दोनों पक्षों ने मिलकर मौके पर ही विवाद का पटाक्षेप कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी बेहद संतुलित और सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिसकर्मियों ने सभी पक्षों से बातचीत कर स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लिया और सभी को शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पुलिस की समयबद्ध मौजूदगी ने लोगों में विश्वास भी बढ़ाया और यह संदेश दिया कि प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब समाज में आपसी भाईचारा, समझदारी और धैर्य कायम रहता है तो बड़ी से बड़ी संवेदनशील स्थिति भी आसानी से सुलझाई जा सकती है। यह घटना नगर में गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता की एक सकारात्मक और प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि बच्चों का आपस में मीट खिलाने का प्रयास की बात केवल अफवाह थी। मामला आपसी विवाद का था।

**अफजलगढ़ के लोगों और पुलिस ने मिसाल पेश की**

# खिरनी भूमि विवाद पर बढ़ा सियासी तापमान, 27 को गन्ना काटने का ऐलान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** खिरनी भूमि विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के एक दिन बाद शनिवार को संगठन ने भाजपा नेताओं को पत्र सौंपकर उनका रुख स्पष्ट करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान

## भाकियू ने भाजपा नेताओं को पत्र देकर पूछा- भारतेन्द्र के साथ हो या पीड़ित विधवा के?


भाकियू अराजनीतिक से जुड़े किसान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी को ज्ञापन देते हुए।

'बॉबी' को पत्र देकर पूछा है कि पार्टी इस मामले में पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साथ है या न्यायालय के आदेशों के अनुसार विधवा संगीता को न्याय दिलाने वालों के साथ। संगठन ने अन्य जनप्रतिनिधियों को भी इसी आशय के पत्र भेजे हैं। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शुक्रवार को भाकियू अराजनीतिक के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन कराने की मांग की थी। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो 27 अप्रैल को संगठन के कार्यकर्ता खिरनी गांव पहुंचकर पीड़िता संगीता के खेत में खड़ी गन्ने की फसल काटेंगे। संगठन का आरोप है कि न्यायालय द्वारा संगीता के पक्ष में स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद प्रशासन उन्हें लागू कराने में विफल रहा है, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि भाकियू अराजनीतिक पूरी तरह गैर-राजनीतिक संगठन है और सरकार के जनहित व किसान हितैषी कार्यों की सराहना करता रहा है। हालांकि संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला और कानून-व्यवस्था बिगड़ी या राजनीतिक नुकसान हुआ, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों की होगी। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुंवर भारतेंद्र सिंह कथित भूमाफियाओं का साथ देकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को कमजोर कर रहे हैं। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष संकेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक सुचित चौधरी, नहटौर विधायक ओम कुमार, धामपुर विधायक अशोक राणा और बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह को भी पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की गई है। भाकियू अराजनीतिक ने साफ कहा है कि यदि 27 अप्रैल तक न्याय नहीं मिला, तो संगठन के कार्यकर्ता 'सर पर कफन बांधकर' खिरनी पहुंचेंगे और न्यायालय के आदेशों का पालन कराते हुए गन्ने की फसल काटेंगे। खिरनी का यह भूमि विवाद अब केवल एक किसान का मामला नहीं रह गया है, बल्कि प्रशासन, राजनीति और न्यायिक आदेशों के पालन की बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है, जिससे जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बिजनौर में कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समस्त ब्राह्मण समाज जिला बिजनौर द्वारा कल 26 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। ब्राह्मण समाज ने सभी सनातनियों से शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। विभोर कौशिक एडवोकेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शोभायात्रा में पूरे जिले से सवर्ण समाज एवं सनातन प्रेमी शामिल होंगे। शोभायात्रा में अनेक मनमोहक झाकियां रहेंगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए युवाओं ने दिन रात एक कर दिया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जनसंपर्क करके निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। तुषार शर्मा एडवोकेट ने बताया कि कल सुबह 10 बजे से ब्राह्मण परिपाटी के अनुसार पुरोहित संघ द्वारा हवन-पूजन कराया जाएगा। उसके पश्चात भक्तिमय भजन/संगीत कार्यक्रम होगा। अपराह्न 3 बजे शोभायात्रा शुरू होगी, जो मदनमोहन का चौराहा, सुदामा पार्क, गणेश धाम, रम्मू का चौराहा, पुरानी तहसील, महिला थाना, सर्राफा बाजार, घंटाघर, शंभुदयाल का चौराहा, पोस्ट ऑफिस का चौराहा, नगरपालिका चौक, सिविल लाइन, शक्ति चौक होते हुए शहनाई बैंक्वेट हॉल पर सम्पन्न होगी।


विभोर कौशिक


तुषार शर्मा एडवोकेट

# टैंकर की टक्कर से महिला की मौत, भाई घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )। टैंकर की टक्कर से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका भाई घायल हो गया। इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर फरार टैंकर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**


मृतक महिला का फाइल फोटो



जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी नौशाद अहमद की 26 वर्षीय पत्नी रिहाना शुक्रवार की शाम अपने भाई इशहाक अली के साथ धामपुर से दवाई लेकर अपने मायके क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद लौट रही थी। जब ये हरेवली मार्ग पर ग्राम नूरपुर छीबरी के निकट स्थित ईंट भट्टे के पास पहुंचे तो तेज गति में आये टैंकर ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मारी दी, जिससे बाइक सवार भाई बहन सड़क पर गिर गए। टैंकर से कुचल जाने के कारण रिहाना की मौके पर ही दर्द नाक मौत हो गई और इशहाक घायल हो गया। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टैंकर को कब्जे में लेकर थाने ले गई। मृतका के जैठ शमशाद अहमद ने बताया कि कुछ दिन पहले रिहाना का धामपुर के एक अस्पताल में पित्त की थैली का आपरेशन हुआ था। कल शाम वह टांके कटवा कर अस्पताल से अपने मायके लौट रही थी कि रास्ते में ये हादसा हो गया। मृतका के पांच वर्ष का एक पुत्र है और पति नौशाद कुछ माह पूर्व रोजगार के सिलसिले में कुवैत गया है।

# ट्यूबवैल चलने से संकट हुआ दूर कई मुहल्लों को पानी मिलेगा भरपूर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल मौहल्ला अहमद खैल में स्थित ट्यूबवैल को चालू कर दिया गया है, ट्यूबवैल के चालू होने से आधा दर्जन मौहल्लेवासियों को भरपूर पानी की सप्लाई मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान के छोटे भाई मोहम्मद शादान द्वारा सभासदों एवं मौहल्लेवासियों की मौजूदगी में बटन दबाकर ट्यूबवैल का शुभारंभ किया गया। मौहम्मद शादान ने कहा कि पानी अल्लाह की बड़ी नेमत है और यह नगरवासियों का मौलिक अधिकार भी है। आज मौहल्ला अहमद खेल में प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित ट्यूबवैल का मेरे द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया है। यह कार्य मेरे बड़े भाई चेयरमैन अब्दुल मन्नान द्वारा जनता से किये वादों का परिणाम है। इस अवसर पर मौजूद सभासद मौहम्मद फैजान, सभासद हाफिज मौहम्मद अकबर, सभासद मौहम्मद इस्लाम ने ट्यूबवैल के शुभारंभ पर कहा कि हम सब चेयरमैन अब्दुल मन्नान के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने जनहित में जनता की ऐसी समस्या का समाधान किया जो बेहद जरूरी थी, कई ऐसे मौहल्ले ऊंचाई पर थे जहां गरीब लोगों के घरों तक पानी सप्लाई नहीं पहुंच रही थी। मौहल्ला बागबानान, कस्साबान, लोहारान, अफगानान, चमारान, अहमद खैल के लोग लाभान्वित होंगे। इस मौके पर राईन बिरादरी की जिम्मेदार शख्सियतों में सद्दीक प्रधान, मुंशी अनवार, रफीक अहमद, चचा नसीरू, मौहम्मद याकूब, ठेकेदार हाजी रिजवान, गोपाल शर्मा, मौ. साहिल, मौ. अरमान, मौ. रमजान आदि उपस्थित रहे।

# जैन का आचरण ही उसकी पहचान - बालाचार्य

**किरतपुर ( चिंगारी )।** जैन का आचरण ही उसकी पहचान होता है। विश्व में आचरण के कारण ही जैन धर्म के मानने वालों की अलग पहचान है। हमें अपने आचरण को नही छोड़ना चाहिए। हमारे आचरण के कारण ही विश्व स्तर पर सब व्यवस्था होती हैं। उक्त विचार धर्म सभा को संबोधित करते हुए बालाचार्य 108 मुनि श्री अभिनंदन सागर जी महाराज ने श्री आदिनाथ दिगम्बर पंचायती जैन मंदिर में प्रकट किए।

श्री अभिनंदन सागर जी ने नवकार मंत्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि नवकार मंत्र सब मंत्रों का राजा है इसका जाप करने से जीव में विनय सहनशीलता आती है विनय हमारे लिए मोक्ष का द्वार खोलती है। नवकार मंत्र का जाप करते हुए हमे सबकी विनय और आदर करनी चाहिए। मुनि श्री ने आगे कहा कि मुनि साधु संत समाज को जगाने का काम करते हैं। वह आपको आपके नगर में पहुंच कर आपको जगाकर मोक्ष मार्ग का रास्ता बताते हैं। मुनि श्री ने तीर्थंकर के जन्म के सम्बन्ध में बताया कि

## बोले- नवकार मंत्रों सब मंत्रों का राजा

तीर्थंकर का जहां जन्म होता है वहां दरिद्रता गरीबी भुखमरी सब समाप्त हो जाती है तीर्थंकर के गर्भ में आने से 6 महीने पहले जन्म तक तीन समय लगभग साढ़े 10 करोड़ रत्नों की वर्षा होती है जिससे सबके दु:ख और गरीबी दूर हो जाती है। मुनि श्री की आहार चर्या अग्रवाल धर्मशाला में निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई। आहार लेने से पूर्व मुनि श्री ने आहार देने वालों को रात्रि भोजन जिमिकंद का त्याग और नवकार मंत्र का जाप आदि नियम दिलवाए सभी ने यथा शक्ति व्रत ग्रहण किए।

धर्म सभा में सुरेन्द्र जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, संजय जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, यतेंद्र जैन, आकाश जैन, अविनाश जैन, अभिषेक जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, विपिन जैन, अनंत जैन, अंकुर जैन, अरिहंत जैन, वैभव जैन, रोहित जैन, सविता जैन, मंजू जैन, बबीता जैन, प्रियंका जैन, शालिनी जैन, आभा जैन, सरिता जैन, उमा जैन, तनु जैन, सोनल जैन, आदि जैन, कुमकुम जैन आदि ने उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त किया।



# स्व. राजकली देवी को भावीभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. विजय राणा ( श्री राम अस्पताल ), अधिवक्ता विनय कुमार राणा एवं राजीव ( मेट्रो निदेशक ) की पूज्य माताजी श्रीमती राजकली देवी ( पत्नी स्व. श्री रामचरण सिंह एड. ) की आरिष्ठी शुक्रवार को पूर्ण विधि-विधान के साथ श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर किरतपुर रोड स्थित एक बैंकेट हॉल में आयोजित शांति सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक व राजनैतिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों तथा अधिवक्ताओं ने स्व. राजकली देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। इससे पूर्व मौहल्ला नई बस्ती, स्थित निवास स्थान पर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु यज्ञ-हवन के पश्चात ब्रह्मभोज तथा पगड़ी की रस्म डॉ. विजय राणा, विनय राणा, राजीव, अभिषेक राणा, संजीव, नवीन आदि परिजनों ने सभी आगुन्तकों के प्रति कृतज्ञता प्रगट की। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर 6 मई को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** निर्धन नेत्र रोगियों के लिये अच्छी खबर है कि 6 मई को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प लगने जा रहा है। शिविर के संयोजक रघुनाथ प्रसाद, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि प्रत्येक माह की तरह यह कैम्प नूरपुर रोड स्थित अग्रवाल भवन में प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होगा, यह शिविर निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। विकास अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि जिन रोगियों को मोतियाबिंद का आप्रेशन कराना है, वे अपना आधार कार्ड साथ अवश्य लायें। नि:शुल्क आप्रेशन के साथ ऋषिकेश आना-जाना व वहां ठहरना आदि पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। अधिक जानकारी मो. नं. 9837027465 पर प्राप्त की जा सकती है।

## जीआईसी के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज, भागूवाला के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय का परिणाम बहुत सराहनीय रहा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रियांशी ने 76.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। बुशरा ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान व प्रियांशी शर्मा ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। हाईस्कूल की परीक्षा में सालिहा परवीन ने 85.5 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। मोहम्मद हस्सान अंसारी ने 83.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व शारीबा परवीन ने 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज कुमार व वीरेंद्र कुमार, राजू, शुभम कुमार, शिल्पी, मोनिका, गीता, उजमा, धर्मेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, सतीश आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इकराम अंसारी के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हर्षवाड़ा निवासी समाजसेवी इकराम अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इकराम अंसारी एक समाजसेवी होने के साथ बहुत लंबे समय तक शिक्षण संस्थानों से जुड़ कर गरीब बच्चों की मदद करते रहे। सभी ने अल्लाह ताला से उनकी मगफिरत व जन्नतुल फिरदौस में जगह देने की दुआ की। शोकसभा में एम. अकरम खान, खालिद मसूद, मोहम्मद इकबाल, गोविंद सिंह कुशवाहा, सरफराज अहमद, डॉ. शाहनवाज, खलील अहमद, महताब खान चांद, मकसूद सैफी, डॉ. दिनेश, डॉ. राजीव अरोड़ा, विनोद मित्तल, श्रीमती आशा रजा आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना, बिजनौर

पत्रांकः— 171/न0पा0परि0नगीना/अ0/ई0नि0/2026—27 दिनांकः—20—04—2026

**संशोधित मॉडल रिक्वेस्ट फॉर प्रपोज़ल/ई—प्राक्योरमेन्ट पुनः सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों/सेवा प्रदाताओं को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद नगीना(बिजनौर) **"स्वच्छ भारत मिशन नगरीय"**के अन्तर्गत सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट के सचांलन आदि कार्य एजेंसी का चयन किये जाने हेतु संशोधित मॉडल आर0एफ0पी0 (**RFP**) ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्म्स/सेवा प्रदाता से निविदायें दिनांक 20—04—2026 से 14—05—2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.inपर दिनांक 14—05—2026 तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 14—05—2026 अपराह्न 04:30 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 54/NPPNAGINA/A/E-T/2026-27 |
| Publish date and time for Ref: | 20—04—2026 को अपराह्न 04:00 बजे। |
| Last date and time for Submission of E-Tender | 14—05—2026 को अपराह्न 04:30 बजे। |
| Date and time of Opening E-Tender | 14—05—2026 को अपराह्न 04:30 बजे। |
| Place of opening E-Tender | Executive Officer/Administrator Npp Nagina |
| E-Tender Security | 2% of Estimate Cost . |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list. |

नोटः— धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/एफ0डी0आर0 के माध्यम से एवं निविदा प्रपत्र धनराशि नगर पालिका परिषद नगीना के भारतीय स्टेट बैंक नगीना में खुले खाता संख्या **11121345119** **IFSC CODE SBIN0000581**में केवल आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/यू0पी0आई0 के माध्यम से ही स्वीकृत की जायेगी। यदि किसी भी निविदा दाता के द्वारा ई—निविदा के प्रकाशन के पूर्व की एफ0डी0आर0 संलग्न की गयी तो वह निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि/निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी निविदाताओ को सूचित किया जाता है कि निविदा की शर्तों में परिवर्तन किया गया है, निविदा डालने से पूर्व सभी नियम व शर्तो का भली भॅाति अध्ययन कर लें किसी भी त्रुटि के लिये नगर पालिका परिषद नगीना जिम्मेदार नही होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नगीना**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नगीना**

# रोगी का विश्वास बनाए रखना चिकित्सक की पहली जिम्मेदारी : उपराष्ट्रपति

**राजेश शर्मा**

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में छठे दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में देश के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने एम्स मेडिकल के 11 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही दीक्षांत समारोह में संस्थान के 386 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कीं। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक बनकर उपाधि प्राप्त करने वाले मेडिकल के विद्यार्थियों से कहा कि रोगी का विश्वास बनाए रखना एक चिकित्सक की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें डॉक्टर बनाने में न केवल शिक्षकों की भूमिका है बल्कि माता-पिता का भी विशेष मार्गदर्शन है। इन दोनों को जीवन में कभी नहीं भूलें।




दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रीमती अनुप्रिया पटेल, एम्स अध्यक्ष प्रोफेसर राज बहादुर, संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह व डीन एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोविड काल में चिकित्सकों ने जिस तरह से लोगों के प्राण बचाने में अपना धर्म निभाया, वह बहुत ही सराहनीय है।

महामहिम ने कहा कि उत्तराखंड जैसे राज्य में, जहां की भौगोलिक परिस्थितियां स्वयं ही बाधाएं उत्पन्न करती हैं, एम्स

## एम्स, ऋषिकेश के छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन

ऋषिकेश ने एक पारंपरिक अस्पताल की भूमिका से कहीं अधिक व्यापक भूमिका निभाई है। चार धाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों तक तथा उत्तराखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आपातकालीन दवाएं पहुंचाने के लिए ड्रोन के उपयोग का प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि रोगी का विश्वास बनाए रखना प्रत्येक चिकित्सक का कर्तव्य है दीक्षांत समारोह चिकित्सा स्नातकों के लिए नई दिशा, दायित्वबोध व नए उद्देश्यों की शुरुआत है। उन्होंने एम्स को राज्य में चिकित्सा क्षेत्र खासकर आपात मरीजों के लिए जीवनदान देने वाला संस्थान बताया।

समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चिकित्सकीय पेशे को मानवता की सेवा बताया। चिकित्सक अपने ज्ञान व कौशल से आम जन को स्वास्थ्य की संजीवनी प्रदान करते हैं। उन्होंने उत्तराखंड राज्य के परिप्रेक्ष्य में एम्स ऋषिकेश को स्वास्थ्य के मंदिर का प्रतीक बताया। उन्होंने नवोदित चिकित्सकों से जीवन में जब कभी समय मिले तो सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों की चिकित्सा सेवा के लिए आने का आह्वान किया, कहा इससे उन्हें भी देवभूमि की सेवा का पुण्य प्राप्त होगा। उन्होंने आपात स्थितियों में एम्स की हेली एंबुलेंस सेवा, ड्रोन सेवा को राज्य के जनस्वास्थ्य के लिए बेहतर प्रयास बताया है। कहा कि एम्स के किच्छा सेटेलाइट सेंटर के निर्माण से राज्य में चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी और लोगों को गंभीरतम रोगों के उपचार में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह दिन चिकित्सा क्षेत्र में उपाधियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए जीवन का नया अध्याय का आगाज है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक का जीवन समाज को समर्पित व लोगों के दुखों के शमन के लिए होता है।

# महिला आरक्षण का उद्देश्य सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं होना चाहिये : रसिक महाराज



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नृसिंह वाटिका आश्रम खांड गांव नंबर एक रायवाला में आयोजित नारी जागृति सम्मेलन में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भारतीय संस्कृति की मूल पहचान रहा है, लेकिन वर्तमान समय में इस महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक विवाद का रूप दिया जाना उचित नहीं है। स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि महिला आरक्षण का उद्देश्य केवल, सीटों का बंटवारा नहीं होना चाहिए, बल्कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी देना होना चाहिए।

### नृसिंह वाटिका आश्रम में नारी जागृति सम्मेलन आयोजित

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर इस कानून को केवल चुनावी नजरिए से देखा गया, तो इसका असली मकसद कमजोर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें राजनीति में भी समान अवसर मिले, ताकि वे देश के विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। रसिक महाराज ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, उससे आम जनता के बीच भ्रम की स्थिति बन रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से यह भी मांग की कि महिला आरक्षण कानून को लागू करने की प्रक्रिया को स्पष्ट, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि समाज के सभी वर्गों, खासकर पिछड़े और वंचित वर्गों की महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व मिले। फिलहाल महिला आरक्षण को लेकर देश की राजनीति में बहस तेज है और हर वर्ग की नजर इस बात पर टिकी है कि यह कानून जमीन पर कब और किस रूप में लागू होता है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# भीषण गर्मी में रजाई में सोते हुए मिले बच्चे

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना द्वारा मदरसा बोर्ड के समाप्त होने के बाद नए शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ होने पर देहरादून के आजाद कालोनी स्थित मदरसे का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आयोग के सचिव, डा. शिव कुमार बरनवाल व डा. निशात इकबाल, बाल मनोवैज्ञानिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुडी कई गम्भीर अनियमित्ताए प्रकाश में आयीं। बच्चों हेतु अस्वच्छ बिस्तरों की व्यवस्था है, जिन्हें बच्चों को मजबूरन सोने हेतु प्रयोग में लाना पडता है। भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों को रजाई का प्रयोग करना पड़ रहा है। आधा दिन बीत जाने के उपरान्त भी बच्चे कमरों में सोते हुये पाये गये, जबकि वह पढ़ाई का समय होता है। मदरसे में शैक्षिक स्तर का आंकलन किया गया, जहां गम्भीर असंतुलन प्रकाश में आया। बडी उम्र का छात्र छोटी कक्षा में अध्ययन करता

### मदरसे के निरीक्षण में मिली घोर अनियमितताएं

हुआ पाया गया। मदरसे का भवन और आधारभूत संरचना भी संतोषजनक नहीं पायी गई। मदरसे में कक्षायें बिलकुल भी हवादार नहीं थी। मदरसा प्रबन्धन द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा दो शिक्षकों को नियुक्त किया गया है, जिसमें से एक शिक्षक उपस्थित नही थे। उसने दुरभाष पर अवगत कराया कि वह पेशे से वकील है, किन्तु उन्हें जब भी समय मिलता है वह बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी व मैथ्स पढ़ाने मदरसे पहुंच जाते है।

मदरसे में शिक्षण सामग्री का भी अभाव देखा गया। छात्रों के लिये मदरसे में गणित, अंग्रेजी और हिन्दी जैसे विषयों की किताब नहीं पायी गई उनके द्वारा बताया गया कि मदरसें मे मुख्य रूप से कुरान शरीफ की शिक्षा प्रदान की जाती है। कुछ धार्मिक पुस्तकें अलमारी में रखी हुई थीं, किन्तु उन्हें पवित्र बताते हुये व सामान्य प्रयोग की न होने का कहकर दिखाई नहीं गईं।

मदरसे की रसोई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, जहां साफ सफाई की अत्यंत कमी देखी गई। उपस्थित रसोईये द्वारा अवगत कराया गया कि वहां रोजाना लगभग 65 लोगों का भोजन तैयार किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मदरसा प्रबन्धन द्वारा संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नही किये गये, जिससे यह स्पष्ट नही हो सका कि मदरसा पूर्व में मदरसा बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत था अथवा नहीं।

# वन रेंज के दैनिक श्रमिकों ने निजी आउटसोर्स एजेंसियों में शामिल करने का विरोध किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग लैंसडौन के अंतर्गत आने वाले समस्त रेंजों के दैनिक श्रमिकों ने 27 अप्रैल 2018 के बाद लगे दैनिक श्रमिकों को निजी आउटसोर्स एजेंसियों में शामिल किये जाने का विरोध किया है। ऐसा होने पर श्रमिकों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैंसडौन की समस्त रेंजों के दैनिक श्रमिक श्री सिद्धबली मंदिर के निकट स्थित सीटीआर रिसेप्शन सेंटर में एकत्रित हुये। इस दौरान उन्होंने दैनिक श्रमिकों को आउटसोर्स एजेंसियों में शामिल करने का विरोध करते हुए कहा कि इस संबध में विभाग की ओर से तैयारी भी आरंभ कर दी गई है। कहा कि दैनिक श्रमिक लंबे समय से विभाग को सेवाएं देते आ रहे हैं। विभागीय अधिकारी उन्हें नियमित करने के इतर आउटसोर्स एजेंसियों में शामिल कर रहे हैं, जो श्रमिकों के हित में नहीं है। आउटसोर्स एजेंसी द्वारा श्रमिकों का शोषण किए जाने की पूर्ण संभावना है और यह श्रमिक हित में बिलकुल भी नहीं है। तत्पश्चात दैनिक श्रमिकों ने प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिजर्व को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में अमित कुमार, दान सिंह, कमल सिंह, बलवंत सिंह, अनिल चौहान, मनीराम, पंकज कुमार, सुरजीत सिंह, मनमोहन सिंह और ओम प्रकाश सहित सभी रेंजों में कार्यरत दैनिक श्रमिक मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# ज्ञान विहार में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं का हंगामा, धरने पर बैठीं

## कालोनी का माहौल बिगड़ रहा, किसी भी हालत में दुकान नहीं चलने देंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )**। ज्ञान विहार कॉलोनी में शराब की नई दुकान खोले जाने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया है। आक्रोशित महिलाएं दुकान के बाहर धरने पर बैठ गईं और इसे तत्काल बंद कराने की मांग पर अड़ी हुई हैं। महिलाओं का कहना है कि ज्ञान विहार के पास सड़क के दूसरी ओर पहले से ही एक शराब की दुकान संचालित हो रही है। ऐसे में कॉलोनी के अंदर दूसरी दुकान खोले जाने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।



महिलाओं के अनुसार, शराबियों की बढ़ती आवाजाही से उन्हें और उनकी बेटियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब के नशे में लोग अश्लील हरकतें करते हैं और राह चलती महिलाओं से बदतमीजी करते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक शराबी द्वारा एक व्यक्ति से 500 रुपये छीनने की घटना भी सामने आई है, जबकि पहले इस इलाके में ऐसी घटनाएं नहीं होती थीं। आंदोलनरत महिलाओं का साफ कहना है कि वे किसी भी हालत में कॉलोनी के अंदर शराब की दुकान संचालित नहीं होने देंगी और जब तक दुकान को हटाया नहीं जाएगा, उनका धरना जारी रहेगा। दुकान मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अडिग रहीं। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। धरने में पूनम गोयल, किरण चौधरी, संतोष चौधरी, सुनीता, पिंकी चौधरी, विनीता, सरिता, बबीता, सुमन, भावना, मनीषा, मनजीत कौर, मंजू, सोनम, सलोनी, मानसी, अनुष्का, मीनाक्षी, सृष्टि, कविता, साक्षी, प्रेरणा, नीलम, मोनिका, बबली चौधरी, नीति, कोमल, शारदा, श्रद्धा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### ट्यूबवैल से चोरी के सामान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र कान्हा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके खेत में लगे ट्यूबवैल से अज्ञात चोर चार-पांच मीटर केबल, एक एसकेएन कम्पनी का स्टार्टर दो-तीन तार के छोटे टुकडे चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अभियुक्त वसीम पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम शाहजहांपुर जसरथ उर्फ पूंडरी कलां थाना नांगल सोती का नाम प्रकाश में आया। मंडावली थाने के उपनिरीक्षक सोनू कुमार, उपनिरीक्षक दयानंद, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, कांस्टेबल राहुल कुमार, गौरव कुमार की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त वसीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में केबिल के तीन टुकडे जिसकी लम्बाई करीब चार मीटर, दो मीटर केबिल के दो टुकडे, एक केबिल का दस मीटर एल्युमीनियम का गोलाकार टुकडा व एक स्टार्टर आधा खुला हुआ व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त को पुलिस टीम ने चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन,गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
SPECIALIST DOCTOR'S
RIGHT HERE RIGHT NOW
अब दूर नहीं जाना पड़ेगा
DR. SAKSHI CHAUHAN
MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• सुरक्षित और आरामदायक डिलीवरी प्रक्रिया!
• स्वास्थ्य जांच और मॉनिटरिंग सुविधा!
• 24 घंटे नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी!
• प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित सेवाएँ!
• माँ और बच्चे की सेहत का पूरा ख्याल!
• गर्भवती के लिए 9 महीने का सम्पूर्ण परामर्श!
DR. ANU VIBHU
MBBS, MS
जनरल एवं लप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर स्टोन
• नसों का फूलना
• पाइल्स, फिशर
• अपेंडिक्स
• हर्निया
• फिस्टुला
• एंडोमेट्रियोसिस
• सिस्ट को हटाना
आवश्यकता है
लैब टेक्नीशियन
ब्लड बैंक टेक्नीशियन
नर्सिंग स्टाफ - GNM/ANM
वार्ड बॉय/आया
वेतन योग्यतानुसार
MORE INFORMATION
9897959151/9719775240
BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701 (UP)

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt
Fancy Coat | ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर